शनिवार, 6 जून 2026

मौसम

तापमान 27 – 33
आर्द्रता 90%
सूर्योदय: 04:51 सूर्यास्त: 18:19

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



भारत ने गिलगित-बाल्तिस्तान विधानसभा चुनाव को लेकर पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : सही तरीका, सटीक तरीका और एकमात्र तरीका जैसी कोई चीज़ नहीं होती।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# सिर्फ फोटो खिंचवाने से काम नहीं चलेगा, भवन योजनाओं में एक-तिहाई हरित क्षेत्र अनिवार्य : शुभेंदु अधिकारी

## मुख्यमंत्री ने कोलकाता के 'कंक्रीट के जंगल' में बदलने पर चिंता जतायी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कोलकाता और उससे सटे शहरी इलाकों के 'कंक्रीट के जंगल' में बदलने पर चिंता व्यक्त की और आरोप लगाया कि पिछली सरकार के दौरान निर्माण परियोजनाओं में हरित क्षेत्रों को संरक्षित रखने संबंधी अनिवार्य नियमों की अक्सर अनदेखी की गई। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे उल्लंघनों की पर्यावरणीय कीमत आने वाली पीढ़ियों को चुकानी पड़ेगी। इस दिन, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी वनीकरण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' की शुरुआत करते हुए अधिकारी ने 31 मार्च 2027 तक राज्यभर में 1.10 करोड़ पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करने का लक्ष्य घोषित किया। बिधाननगर स्थित नलबन में आयोजित राज्य स्तरीय विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि वृहद कोलकाता क्षेत्र धीरे-धीरे कंक्रीट के जंगल में बदलता जा रहा है। शहर का विस्तार स्वाभाविक है, लेकिन पर्यावरणीय चिंताओं को अक्सर नजरअंदाज किया जा रहा है।



विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान, मंत्री शंकर घोष समेत कई विधायक एवं राज्य के मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे

हमने बड़े पैमाने पर कंक्रीट का विस्तार किया है और भविष्य में इस अन्याय की कीमत चुकानी पड़ेगी। नयी सरकार इसे रोकना चाहती है और हम इस मामले में अधिक सतर्क रहेंगे। राज्य पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वृक्षारोपण अभियान की औपचारिक शुरुआत की गयी, जिसका समन्वय वन विभाग करेगा। अधिकारी ने कहा कि मौजूदा भवन निर्माण नियमों के अनुसार किसी भी निर्माण परियोजना के कुल क्षेत्रफल का कम से कम एक-तिहाई हिस्सा हरित क्षेत्र के रूप में रखा जाना चाहिए, जिसमें वृक्षारोपण, उद्यान या खुले हरित क्षेत्र शामिल हों। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण योजनाओं को मंजूरी देने वाले अधिकारी नियमों से परिचित हैं। इसके बावजूद कई मामलों में पर्याप्त हरित क्षेत्र नहीं रखे जा रहे हैं। इससे तापमान बढ़ता है, वायु प्रदूषण में वृद्धि होती है और शहरी क्षेत्रों की प्राकृतिक जल धारण क्षमता घटती है। उत्तर बंगाल के कई हिस्सों में वन भूमि कम होने पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रवृत्ति को रोकना जरूरी है, अन्यथा इससे पारिस्थितिकी संतुलन प्रभावित होगा। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि अनियंत्रित शहरीकरण और हरित क्षेत्रों में लगातार कमी से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है तथा शहरवासियों के जीवन की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के राज्य सलाहकार तथा पर्यावरण, वन, स्वास्थ्य और मत्स्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## ऑयल इंडिया ने अंडमान अपतटीय क्षेत्र में प्राकृतिक गैस का दूसरा भंडार खोजा

**श्री विजय पुरम :** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) ने अंडमान अपतटीय क्षेत्र में प्राकृतिक गैस का दूसरा भंडार खोज लिया है। इससे सीमांत बेसिन इलाके के आने वाले वर्षों में महत्वपूर्ण हाइड्रोकार्बन उत्पादक क्षेत्र के रूप में उभरने की संभावना मजबूत हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि नवीनतम खोज विजयपुरम-3 अन्वेषण कुएं में की गई है, जो अंडमान द्वीप समूह के पूर्वी तट से लगभग 15 किलोमीटर दूर 355 मीटर गहरे समुद्री क्षेत्र में स्थित है। यह ओआईएल द्वारा इस क्षेत्र में खोदा गया दूसरा सफल गैस-युक्त कुआं है। इससे पहले कंपनी ने सितंबर 2025 में विजयपुरम-2 कुएं में प्राकृतिक गैस की खोज की थी।

# आरबीआई ने नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा, आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया

**होम-कार लोन का नहीं बढ़ेगा ब्याज**

**रिजर्व बैंक ने इस साल महंगाई बढ़ने का अंदेशा जताया: जीडीपी ग्रोथ अनुमान भी 6.9% से घटाकर 6.6%**

**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए शुक्रवार को नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाकर 6.6 प्रतिशत और खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई के रेपो दर को यथावत रखने के फैसले से आवास, वाहन और वाणिज्यिक कर्ज की मासिक किस्त जस-की-तस बने रहने की संभावना है। आरबीआई ने इसके साथ मौद्रिक नीति रुख को 'तटस्थ' बनाये रखा है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन



को लेकर लचीला बना रहेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते हुए कहा, ''मौजूदा आर्थिक परिवेश को देखते हुए एमपीसी ने आम सहमति ने नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया है। इसके साथ ही तटस्थ रुख को कायम रखा गया है।'' आरबीआई ने वैश्विक अनिश्चितताओं और कच्चे माल की ऊंची कीमत को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। वहीं 2026-27 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 4.6 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा ऐसे समय हुई है जब पश्चिम एशिया में फरवरी के अंत से जारी युद्ध के कारण कच्चे तेल के दाम में उल्लेखनीय तेजी आई है। इससे महंगाई बढ़ने का जोखिम बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल फरवरी से दिसंबर, 2025 तक रेपो दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की जा चुकी है। फरवरी और अप्रैल की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में भी नीतिगत दर को यथावत रखा गया था।

**फिरहाद हकीम ने कोलकाता के मेयर पद से इस्तीफा दिया, ममता का जताया आभार**

# मेयर की कुर्सी सिर्फ पद नहीं, जिम्मेदारी है : फिरहाद हकीम

## हकीम ने स्वीकारा, कई परियोजनाएं रह गईं अधूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फिरहाद हकीम ने शुक्रवार को कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के मेयर पद से इस्तीफा दे दिया। मेयर के इस्तीफे के साथ, राज्य सरकार द्वारा कोई अन्य व्यवस्था किये जाने तक नगर निकाय का प्रशासन नौकरशाही के हाथों में जाने की संभावना है। फिरहाद हकीम ने केएमसी की अध्यक्ष माला रॉय के कार्यालय में अपना इस्तीफा सौंप दिया। पद छोड़ने से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हकीम ने कहा कि वह अब अपने दायित्वों का निर्वहन उस तरीके से नहीं कर पा रहे थे जैसा वह उचित समझते थे। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल के दौरान कोलकाता को चक्रवात 'अम्फान' और कोविड-19



महामारी समेत कई मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। केएमसी अधिकारियों और शहर के नागरिकों के सहयोग से हमने इन चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया। उन्होंने कहा कि मैंने दृढ़ विश्वास के साथ काम किया। अब यह संभव नहीं है। मैं इस पद पर बने रहकर इसकी गरिमा का अनादर नहीं कर सकता। मैं यहां बिना सेना के एक जनरल की तरह नहीं रहना चाहता। चार बार के विधायक ने कहा कि उन्होंने यह फैसला लेने से पहले तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी से अनुमति ली थी। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी नेता से कहा कि मैं गर्व से अपना सिर ऊंचा रखकर पद छोड़ना चाहता हूं। उन्होंने (ममता बनर्जी) इस संबंध में अपनी सहमति जताई। हकीम ने यह भी स्वीकार किया कि कई परियोजनाएं अधूरी रह गईं। उन्होंने कहा कि अभी बहुत काम अधूरा है। मेरे बाद जो भी लोग इस निगम का संचालन करेंगे, मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। हो सकता है वे मुझसे भी बेहतर काम करें।

### फिरहाद हकीम मेयर के रूप में 'विफल' : भाजपा

उनके इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता सजल घोष ने कहा कि हकीम महानगर के मेयर के रूप में 'विफल' रहे। उन्होंने कहा कि उन्होंने शहर के लिए क्या किया है? उनका इस्तीफा केवल इस बात को दर्शाता है कि पूरी व्यवस्था कितनी त्रुटिपूर्ण थी। उन्होंने इसलिए इस्तीफा दिया क्योंकि राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ है।

# अन्नामलाई ने भाजपा छोड़ी, नयी पार्टी बनाने की घोषणा की

**नयी दिल्ली/चेन्नई :** अपनी आक्रामक राजनीतिक शैली के कारण लोकप्रियता हासिल करने वाले और द्रविड़ दलों को सीधे चुनौती देने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। अन्नामलाई ने कहा कि उनके लक्ष्य बड़े हैं और नये समावेशी एजेंडे के तहत अधिक लोगों को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने घोषणा की कि वह नया राजनीतिक दल बनाएंगे और तमिलनाडु में अगला चुनाव लड़ेंगे। अन्नामलाई ने सोशल मीडिया के



जरिए कहा, ''मेरे मन में प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत सम्मान है।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने गरिमापूर्ण तरीके से भाजपा छोड़ी है। उन्होंने नयी तरह की राजनीति की शुरुआत करने की प्रतिबद्धता भी जताई। अन्नामलाई ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा उनका इस्तीफा स्वीकार किए जाने के बाद कहा, ''आज से एक नया रास्ता, एक नया आंदोलन, एक नयी मुहिम शुरू होगी।'' ऐसा बताया जा रहा है कि अन्नामलाई ने दिल्ली की अपनी हालिया यात्रा के दौरान अपना इस्तीफा सौंपा था। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ''भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी की तमिलनाडु इकाई के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिया गया इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।''

# आज मुख्यमंत्री और रेल मंत्री के बीच महत्वपूर्ण बैठक

### अटकी रेल परियोजनाओं को गति देने पर होगी चर्चा, भूमि अधिग्रहण सहित कई मुद्दों पर समाधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में वर्षों से अटकी रेल परियोजनाओं को गति देने के उद्देश्य से शनिवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के बीच राज्य सचिवालय नवान्न में एक महत्वपूर्ण व मैराथन बैठक होने जा रही है। इस उच्चस्तरीय बैठक में राज्य के सभी सांसदों और विधायकों के अलावा पूर्व रेलवे, दक्षिण-पूर्व रेलवे, नार्थ फ्रंटियर रेलवे तथा कोलकाता मेट्रो रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बंगाल में पिछले महीने सत्ता परिवर्तन व नई भाजपा सरकार बनने के बाद रेल मंत्री विशेषकर इस बैठक के लिए कोलकाता आ रहे हैं। रेल मंत्री की नए मुख्यमंत्री के साथ यह



पहली बैठक होगी। नवान्न सूत्रों के अनुसार, यह समन्वय बैठक 11 बजे से 2 बजे तक तीन घंटे चलेगी। बैठक में रेलवे ओवरब्रिज, अंडरपास, पुल, स्टेशन आधुनिकीकरण और विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा होगी। सांसदों और विधायकों को अपने-अपने क्षेत्रों की रेल संबंधी समस्याएं सीधे रेल मंत्री के सामने रखने का अवसर मिलेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

# वायु सेना का हरक्यूलिस विमान चीन सीमा के पास चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर उतरा

**रुद्रप्रयाग :** भारतीय वायु सेना के एक मालवाहक विमान ने शुक्रवार सुबह चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर सफलापूर्वक दो बार उतरने और उड़ान भरने का अभ्यास किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि वायुसेना का गजराज कहे जाने वाला भारी मालवाहक विमान



हरक्यूलिस एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) अभ्यास के तहत आगरा हवाई अड्डे से यहां आया था। यहां उसने एक वाहन को उतारने और उसे दोबारा लादने के लिए लैंडिंग की और फिर से उड़ान भरी। सूत्रों के मुताबिक, चार दिवसीय सामरिक अभ्यास चार से सात जून तक प्रस्तावित है। यह अभ्यास मूल रूप से बृहस्पतिवार को शुरू होना था लेकिन ऊंचाई वाले क्षेत्र में खराब मौसम के कारण इसे एक दिन के लिए स्थगित करना पड़ा। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में वायु सेना के और विमानों के भी अभ्यास में शामिल होने की संभावना है। चीन सीमा से लगे उत्तरकाशी जिले में स्थित चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डा भारतीय वायुसेना के लिए सामारिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि वायुसेना पूर्व में भी अपने कई विमानों को यहां उतारने का सफल अभ्यास कर चुकी है। नवंबर, 2023 में भी सिल्क्यारा सुरंग बचाव अभियान के दौरान हवाई पट्टी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उस समय बचाव कार्यों में सहायता के लिए भारी ऑगर ड्रिलिंग मशीनों के पुर्जों को घटनास्थल तक पहुंचाने के लिए एक सुपर हरक्यूलिस विमान की सेवा ली गयी थी।

## फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए ई85 ईंधन पेश, पेट्रोल से 20 रुपये सस्ता

**नयी दिल्ली :** सरकार ने फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए उच्च एथनॉल मिश्रण वाले ई85 ईंधन को सामान्य पेट्रोल से 20 रुपये प्रति लीटर सस्ता दर पर शुक्रवार को पेश किया। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इसका अनावरण किया। यह ईंधन फिलहाल चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध होगा और केवल फ्लेक्स-फ्यूल इंजन वाले वाहनों में ही उपयोग किया जा सकेगा। शुरुआत में इसकी बिक्री देशभर के 48 सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर की जाएगी। सरकार की योजना इसे चरणबद्ध तरीके से दिसंबर 2026 तक 500 और दिसंबर 2027 तक लगभग 5,000 पेट्रोल पंपों तक विस्तार देने की है।

## सीबीएसई ने 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन आवेदन की अंतिम तिथि सात जून तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाकर सात जून कर दी है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब कई छात्रों ने दो जून को शुरू किए गए सीबीएसई के एक पोर्टल पर उत्तर पुस्तिकाओं को देखने तथा सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने में आ रही समस्याओं को उठाया था।

## कोलकाता से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बड़ी कटौती, इंडिगो कई सेवाएं करेगा बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** एयरलाइन कंपनियों की लागत बढ़ने और अंतरराष्ट्रीय यात्रा की मांग में गिरावट के बीच कोलकाता की वैश्विक हवाई संपर्क व्यवस्था को झटका लगने वाला है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने आगामी एक जुलाई से कोलकाता से संचालित सिंगापुर, शंघाई, हो ची मिन्ह सिटी और सिएम रीप (कंबोडिया) की उड़ानें अस्थाई रूप से बंद करने का फैसला किया है। इसके अलावा, थाईलैंड के फुकेत के लिए उड़ानों की संख्या भी घटाकर सप्ताह में तीन दिन कर दी जाएगी। एयरलाइन घरेलू उड़ानों में भी कटौती कर रही है और कम लाभदायक या कम यात्री भार वाले मार्गों पर सेवाएं घटा रही है। वहीं, मलेशिया एयरलाइंस ने भी कोलकाता-कुआलालंपुर मार्ग पर अपनी उड़ानों की संख्या पांच से घटाकर तीन प्रति सप्ताह करने के संकेत दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, ईरान युद्ध के कारण विमान ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि, पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र बंद होने से बढ़ी परिचालन लागत, पाकिस्तान द्वारा भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र प्रतिबंध तथा मानसून के दौरान पर्यटन मांग में कमी ने एयरलाइंस पर अतिरिक्त दबाव डाला है।

# बंगाल, त्रिपुरा, बिहार में जनसांख्यिकीय बदलाव बर्दाश्त नहीं करेंगे : अमित शाह



**अगरतला :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और बिहार में जनसांख्यिकीय बदलाव को बर्दाश्त नहीं करेगी और वह देश की सीमाओं की सुरक्षा में मौजूद खामियों को दूर करने के लिए कदम उठा रही है। शाह ने त्रिपुरा में लंकामुरा सीमा चौकी पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सरकार की 'स्मार्ट बॉर्डर' परियोजना अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा, ''पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और बिहार में जनसांख्यिकीय बदलाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा... अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की निगरानी और सुरक्षा में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए केंद्र हरसंभव प्रयास कर रहा है।'' गृह मंत्री ने कहा, '''स्मार्ट बॉर्डर' की अवधारणा को प्रायोगिक परियोजना के रूप में देश के सात से आठ स्थानों पर लागू किया जाएगा। मैं केंद्रीय गृह सचिव और बीएसएफ के महानिदेशक से सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करने और वार्ता करने का अनुरोध करता हूं।'' उन्होंने बताया कि नयी सीमा सुरक्षा व्यवस्था में अत्याधुनिक तकनीक, स्थानीय प्रशासन और सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की संयुक्त भागीदारी शामिल होगी। उन्होंने कहा, ''हर सीमा की अपनी चुनौतियां होती हैं, चाहे वह मानव तस्करी हो, हथियारों की तस्करी हो या मादक पदार्थों की तस्करी। लेकिन बीएसएफ के जवान इन चुनौतियों का सामना करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं।''

### सीमा सुरक्षा अब किसी एक की जिम्मेदारी नहीं होगी, त्रुटिरहित सुरक्षा तंत्र बनाया जाएगा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की 'स्मार्ट बॉर्डर' परियोजना अंतिम चरण में है, और नए सुरक्षा ग्रिड में सीमा प्रहरियों के अलावा अत्याधुनिक तकनीक और स्थानीय प्रशासन की भागीदारी होगी। शाह ने त्रिपुरा में लंकामुरा सीमा चौकी पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि '' हम यहां स्मार्ट बॉर्डर का निर्माण करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''स्मार्ट बॉर्डर प्रणाली को जल्द लागू किया जाएगा, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक, स्थानीय प्रशासन और सीमा प्रहरी की भागीदारी होगी।'' केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, '''स्मार्ट बॉर्डर' की अवधारणा को प्रायोगिक परियोजना के रूप में देश के सात से आठ स्थानों पर लागू किया जाएगा। मैं केंद्रीय गृह सचिव और बीएसएफ के महानिदेशक से सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करने और वार्ता करने का अनुरोध करता हूं।'' उन्होंने कहा, ''हर सीमा की अपनी चुनौतियां होती हैं, चाहे वह मानव तस्करी हो, हथियारों की तस्करी हो या मादक पदार्थों की तस्करी। लेकिन बीएसएफ के जवान इन चुनौतियों का सामना करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं।''



# मजबूत और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में उभरा भारत: राजनाथ सिंह

### राजनाथ सिंह ने ऊर्जा, ईंधन और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया

**लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' में स्वदेशी हथियारों के इस्तेमाल का हवाला देते हुए ऊर्जा, ईंधन और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दिया। सिंह ने कहा, पिछले साल पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में कायरतापूर्ण हमले के बाद हमारे तीन सशस्त्र बलों ने संयुक्त रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया था। हमने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए सटीक हमले किए। हमने आतंकवादियों और उनके संरक्षक दोनों का सफाया कर दिया। उन्होंने कहा, हम इसे हासिल करने में सक्षम थे क्योंकि हमारा मनोबल ऊंचा था। हमारे पास स्वदेशी हथियार थे और हम अन्य देशों पर निर्भर नहीं थे। हमें ऊर्जा, ईंधन और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में समान क्षमता (आत्मनिर्भरता) हासिल करनी होगी और मुझे विश्वास है कि हम इसे हासिल करेंगे।'



**लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब 'कमजोर भारत' नहीं रहा बल्कि एक मजबूत और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में उभरा है। सिंह ने यहां विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ छावनी स्थित कस्तूरबा पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। रक्षा मंत्री अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण का आह्वान किया। सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा, ''दुनिया अब भारत को एक कमजोर देश के रूप में नहीं देखती, बल्कि एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में स्वीकार करती है।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और वैश्विक स्तर पर इसकी सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत की विश्वसनीयता बढ़ी है और यही इसकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। सिंह ने पश्चिम एशिया में जारी संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत में महंगाई नियंत्रण में है और अन्य देशों की तुलना में स्थिति बेहतर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित अधिकांश लक्ष्यों को समय पर पूरा किया गया है और पौधारोपण जैसे पर्यावरणीय लक्ष्यों को भी पूरा किया जाएगा।

## वाराणसी में 54 किलो लड्डू से बना केक काटकर समर्थकों ने मनाया आदित्यनाथ का 54वां जन्मदिन



**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 54वें जन्मदिन पर समर्थकों ने लड्डू से बना, 54 किलोग्राम का केक काटा। आयोजकों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 54वें जन्मदिन पर काशी में वरद आंजनेय हनुमान मंदिर में उनके समर्थकों ने 54 किलो का लड्डू से बना केक काटा। इस दौरान मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के समर्थक भारी संख्या में मौजूद थे। आयोजकों ने बताया कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के 54 वें जन्मदिन पर लड्डू का केक काटने के साथ ही पर्यावरण दिवस को देखते हुए 54 पौधों का भी रोपण किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म पांच जून 1972 को हुआ था।

## प्रगति तभी हो सकती है, जब अच्छे प्रतिनिधि चुने जाये न कि माफिया: मुख्यमंत्री योगी

बलरामपुर: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव में अच्छे लोगों को चुनना चाहिए, क्योंकि अच्छे प्रतिनिधियों के चयन से ही अच्छी सरकार बनती है और विकास व समृद्धि को गति मिलती है। मुख्यमंत्री ने बलरामपुर जिले के तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र के मधपुर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर गलत लोग या माफिया सत्ता में आते हैं तो वे विकास निधि का दुरुपयोग करते हैं और भूमि पर कब्जा कर लेते हैं। उन्होंने कहा, ''जब लोग अच्छे प्रतिनिधियों को चुनते हैं तो विकास आगे बढ़ता है, लेकिन अगर माफियाओं को चुनते हैं तो वे विकास निधि को हड़प लेते हैं और संपत्तियों पर कब्जा कर लेते हैं।'' मुख्यमंत्री ने माफियाओं, जातिवादी राजनीति और वंशवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि विकास तभी संभव है जब लोग योग्य व ईमानदार प्रतिनिधियों का चयन करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और उनके अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाकर भूमि को गरीबों के हित में उपयोग किया जा रहा है।

## सेनाध्यक्ष जनरल द्विवेदी ने अयोध्या के राम मंदिर में दर्शन किये



**अयोध्या:** सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में पूजा की। जनरल द्विवेदी एक सैन्य विमान से अयोध्या पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों और फैजाबाद छावनी में तैनात डोगरा रेजिमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राम मंदिर न्यास के मुताबिक, सेनाध्यक्ष का मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता गोपाल नागरकट्टे ने स्वागत किया। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में करीब 30 मिनट बिताने के बाद जनरल द्विवेदी डोगरा रेजिमेंट के मुख्यालय के लिए रवाना हो गये।

## बिहार सरकार ने लालू-राबड़ी की 'जेड प्लस' सुरक्षा हटाई, तेजप्रताप की 'वाई' श्रेणी सुरक्षा भी वापस

**पटना:** बिहार सरकार ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को प्रदान की गई 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। साथ ही, पूर्व विधायक तेजप्रताप यादव की 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा भी हटा दी गई है। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद मीसा भारती और तेजस्वी की पत्नी राजश्री यादव की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था यथावत रखी गई है। राज्य के गृह विभाग ने इस संबंध में बृहस्पतिवार को आदेश जारी किया। सरकार ने कहा कि यह निर्णय चार जून को हुई राज्य सुरक्षा समिति की बैठक की अनुशंसाओं के आधार पर लिया गया है। आदेश में बिहार पुलिस मुख्यालय और संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई सुरक्षा व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, लालू प्रसाद और राबड़ी देवी को दी गई 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा समाप्त कर दी गई है। हालांकि, दोनों पूर्व मुख्यमंत्री हैं और उन्हें इस लिहाज से बिहार सरकार के एक अलग कानूनी प्रावधान के तहत सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। आदेश के मुताबिक, राबड़ी देवी को बिहार सरकार के विशेष सुरक्षा दल अधिनियम, 2010 के तहत बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बीएसएपी) की 2-8 हाउस गार्ड टीम, तीन महिला एवं तीन पुरुष अंगरक्षक, बुलेटप्रूफ वाहन तथा एस्कॉर्ट वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। इसी अधिनियम के तहत लालू प्रसाद को 2-8 हाउस गार्ड टीम दी जाएगी। उनकी सुरक्षा के लिए दो अंगरक्षक तैनात रहेंगे। साथ ही उन्हें एस्कॉर्ट, पायलट और बुलेटप्रूफ वाहन की सुविधा भी मिलेगी। राज्य सरकार ने लालू प्रसाद के बेटे और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को पहले से प्राप्त 'वाई प्लस' श्रेणी की सुरक्षा बरकरार रखी है।

## अगर और दो दिन ऑपरेशन सिंदूर जारी रहता तो पीओके भारत में मिल गया होता : रामभद्राचार्य



**लखनऊ:** संस्कृत भाषा के विद्वान और आध्यात्मिक गुरु जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने शुक्रवार को दावा किया कि यदि ऑपरेशन सिंदूर दो दिन और जारी रहता तो ''पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत में मिल गया होता।'' सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लखनऊ इकाई द्वारा जारी बयान के मुताबिक जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने यह विचार लखनऊ में आयोजित श्रीराम कथा में व्यक्त किया, जिसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। चित्रकूट स्थित तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य ने 100 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं और हिंदू धर्मशास्त्रों का ज्ञाता माना जाता है। रामभद्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा, ''रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यकाल के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया था। अगर यह ऑपरेशन दो दिन और जारी रहता, तो पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत में मिल गया होता।'' दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले और 26 लोगों की हत्या किये जाने के जवाब में भारत ने मई 2025 में पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। बयान के मुताबिक जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने उल्लेख किया कि जब भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने अपनी 'दीक्षा' के समय 'गुरु दक्षिणा' (एक शिक्षक को एक पारंपरिक भेंट) देने की इच्छा व्यक्त की, तो उन्होंने कहा था कि वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भारत में वापस चाहते हैं।त रामभद्राचार्य ने रक्षामंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा, ''आप क्षत्रिय हैं और देश की रक्षा की जिम्मेदारी आपके कंधों पर है।''

## उत्तर प्रदेश में नौ वर्षों में 242 करोड़ पौधे लगाए गए : मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान राज्य में वन महोत्सव के अवसर पर पौधारोपण के क्रम में अब तक 242 करोड़ पौधे लगाने के एक बड़े कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जा चुका है। विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के मौके पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले ही वर्ष (योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के गठन के शुरुआती वर्ष) 2017 में डबल इंजन की सरकार ने पांच करोड़ पौधारोपण का कार्य अपने हाथों में लिया था। उन्होंने कहा ''मुझे प्रसन्नता है कि उस समय तमाम चुनौतियां थी, न नर्सरी थी, न बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कोई अनुभव था, लेकिन बाद में वन विभाग और प्रदेश सरकार के अन्य विभागों ने मिलकर एक बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि गत नौ वर्षों में प्रदेश के अंदर वन महोत्सव के अवसर पर पौधारोपण के क्रम में अब तक 242 करोड़ पौधरोपण के एक बड़े कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जा चुका है। योगी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रकृति और मातृभूमि के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम की शुरुआत तीन वर्ष पहले की थी।

## संभल में सरकारी जमीन पर बनी अवैध मजार पर चला बुलडोजर, 100 हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त



**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में प्रशासन ने सरकारी भूमि पर कथित रूप से कब्जा कर बनाई गई एक मजार को शुक्रवार को ध्वस्त कर भूमि को कब्जामुक्त करा लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, गुन्नौर तहसील के बाघऊ गांव में 'खेरे वाले बाबा चमन शाह बाबा दरगाह शरीफ मजार' के संबंध में राजस्व विभाग को सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम सभा बाघऊ की ओर से गांव निवासी अजीज के खिलाफ 18 अप्रैल, 2026 को उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 67 के तहत तहसीलदार अदालत में मुकदमा दायर किया गया था। अदालत ने सुनवाई के बाद कब्जे को अवैध मानते हुए बेदखली के आदेश दिए थे, जिसके खिलाफ अजीज ने जिलाधिकारी न्यायालय में अपील दायर की, जिसे तीन जून को खारिज कर दिया गया। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने बताया, 'यह सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण का मामला था। तहसीलदार अदालत ने कब्जे को अवैध पाया। अपील के दौरान संबंधित पक्ष कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद अंतिम आदेश के अनुपालन में अवैध निर्माण हटाया गया।' पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 'लैंड बैंक' अवधारणा के तहत सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक लगभग 100 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा चुका है। कार्रवाई के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। वहीं, मजार के मुतवल्ली अजीज ने दावा किया कि यह मजार 500 से 600 वर्ष पुरानी है और आसपास के गांवों के लोग यहां आते रहे हैं। गुन्नौर के उपजिलाधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि संबंधित भूमि पर करीब पांच वर्ष पहले कब्जा कर निर्माण किया गया था।

## बिहार: गया जी जिले में प्लंबर के बैंक खाते में अचानक आए 294 करोड़ रुपये, जांच शुरू

**गया जी:** बिहार के गया जी जिले में एक प्लंबर के बैंक खाते में 294 करोड़ रुपये से अधिक कथित तौर पर जमा हो गये। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्लंबर विकास कुमार जिले के बोधगया थाना क्षेत्र के मस्तपुरा गांव का निवासी है। पुलिस धनराशि के स्रोत और संभावित बैंकिंग अनियमितताओं की जांच कर रही है। बोधगया थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया, 'यह एक संवेदनशील वित्तीय मामला है। बैंक रिकॉर्ड, सर्वर लॉग, वित्तीय लेन-देन आईडी और संबंधित खातों की गहन जांच की जा रही है।' उन्होंने बताया कि पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि खाते में इतनी बड़ी राशि जमा होना किसी बड़े बैंकिंग त्रुटि, तकनीकी खामी या किसी अन्य वित्तीय प्रक्रिया का परिणाम है।

## बुजुर्गों की तीर्थाटन की मनोकामना को सरकार कर रही साकार: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार बुजुर्गों के कल्याण एवं धार्मिक पर्यटन को विकसित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने यहां दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से सोमनाथ यात्रा पर जा रही ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने ट्रेन में तीर्थ यात्रियों से मुलाकात की और उन्हें मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस यात्रा के माध्यम से प्रदेश के श्रद्धालुओं को सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के साथ ही द्वारका एवं नागेश्वर के भी दर्शन करवाए जाएंगे।



शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना बुजुर्गों की तीर्थाटन की मनोकामना को पूरा करने का माध्यम बन रही है। इस योजना के माध्यम से एक लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिक विभिन्न तीर्थस्थलों के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा, डबल इंजन' सरकार राज्य के आस्था धामों का प्रतिबद्धता के साथ विकास कर रही है। पुष्कर, खाटूश्यामजी, नाथद्वारा, केशोरायपाटन सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं आस्था केन्द्रों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत उल्लेखनीय विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी करने के साथ ही वातानुकूलित ट्रेन की सुविधा शुरू की गई है।

## बाढ़ एक ऐसी आपदा है जो प्रतिवर्ष जनजीवन को प्रभावित करती है: पुलिस महानिदेशक

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने शुक्रवार को कहा कि बाढ़ ऐसी आपदा है, जो हर वर्ष जनजीवन को प्रभावित करती है और अनेक लोगों की जान ले लेती है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती का सामना किसी एक विभाग या राज्य के लिए अकेले संभव नहीं है और इसके लिए सभी हितधारकों के समन्वित प्रयास जरूरी हैं। कृष्ण ने लखनऊ छावनी स्थित सूर्य ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और मध्य कमान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'राष्ट्रीय संगोष्ठी : बाढ़ एवं बाढ़ संबंधी आपदा प्रबंधन' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का लक्ष्य जलजनित घटनाओं में होने वाली प्रत्येक संभावित जनहानि को रोकना है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि वर्ष 2017 में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की स्थापना के बाद प्रदेश की आपदा प्रबंधन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पीएसी की 17 बाढ़ राहत कंपनियां (51 प्लाटून) और एसडीआरएफ की छह कंपनियां (18 टीमें) सक्रिय हैं तथा करीब 2,500 प्रशिक्षित जवान बाढ़ व अन्य आपदाओं से निपटने के लिए तैयार रहते हैं।

## अयोध्या में आधुनिक आतिथ्य का बेहतरीन उदाहरण बनेगा अति विशिष्ट अतिथि गृह

अयोध्या: उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम कथा पार्क के निकट एक भव्य और अत्याधुनिक अति विशिष्ट अतिथि गृह का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। अधिकारियों के अनुसार, यह परिसर धार्मिक पर्यटन के साथ आधुनिक आतिथ्य सुविधाओं का भी प्रमुख केंद्र बनेगा। राज्य सम्पत्ति विभाग की इस महत्वाकांक्षी परियोजना की लागत 93.75 करोड़ रुपये है और इसके नवंबर 2027 तक पूरा होने की संभावना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 14,510 वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इस परिसर में कई आधुनिक ब्लॉक शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग (सीडी-दो) के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया कि मुख्यमंत्री ब्लॉक में प्लास्टर तथा एमईपी (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं प्लंबिंग) का कार्य प्रगति पर है जबकि आवासीय ब्लॉक में बेसमेंट स्लैब का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि परियोजना में मुख्यमंत्री ब्लॉक, आवासीय ब्लॉक, डॉर्मिटरी ब्लॉक और सर्विस ब्लॉक सहित वीवीआईपी आवास की व्यवस्था की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, परिसर में पार्किंग, सेंट्रल लॉन, फव्वारा, हरित क्षेत्र तथा सुरक्षा की आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

## सभी मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, तभी जीवन सुरक्षित रहेगा : सम्राट चौधरी

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को लोगों से पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान करते हुए कहा कि ''सभी मिलकर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं, तभी जीवन सुरक्षित रहेगा।'' चौधरी ने जयप्रकाश (जेपी) गंगा पथ पर समग्र उद्यान परियोजना के तहत एक लाख पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पौधारोपण के कारण आने वाले समय में जेपी गंगा पथ ऑक्सीजन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''जीवन के लिए ऑक्सीजन सबसे महत्वपूर्ण है। जीवन चक्र को आगे बढ़ाने के लिए ऑक्सीजन और ऑक्सीजन के लिए पौधारोपण आवश्यक है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हम सभी को मिलकर काम करना होगा।' चौधरी ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के जागरूकता वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन राज्य के विभिन्न जिलों में जाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करेंगे। चौधरी ने कहा कि झारखंड के अलग होने के समय बिहार में वन क्षेत्र 10 प्रतिशत से भी कम था लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किए गए प्रयासों से राज्य में वन क्षेत्र का विस्तार हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण अनुकूल उपायों को बढ़ावा दे रही है और महिलाओं को इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदने पर 12,000 रुपये तथा चारपहिया इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर एक लाख रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बिहार में तेजी से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में पांच लाख घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। चौधरी ने बताया कि अतिरिक्त बिजली उत्पादन होने पर राज्य सरकार उसे खरीदेगी और भुगतान सीधे उपभोक्ताओं के बैंक खातों में किया जाएगा।



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 जून, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष षष्ठी, 26:39 तक, नक्षत्र : श्रावण, 05:54 तक, योग : इंद्र, 09:53 तक, सूर्योदय: 04:51, सूर्यास्त: 18:19, चन्द्रोदय : 23:31, चन्द्रास्त: 10:18, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 08:53 से 10:32

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन थोड़ा चुनौती भरा रह सकता है। किसी भी काम में दूसरों की सलाह पर आंख बंद करके भरोसा करना नुकसान दे सकता है। आसपास के लोगों की असली नीयत पहचानना जरूरी होगा।

**वृष :** आज का दिन मस्ती और खुशियों से भरा रहेगा। दोस्तों के साथ बिताया गया समय आपके चेहरे पर मुस्कान ले आएगा। लेकिन कामों में लापरवाही नुकसान दे सकती है।

**मिथुन :** आज का दिन सामान्य लेकिन संतुलन वाला रहेगा। खर्च और कमाई दोनों को समझदारी से संभालना होगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर महसूस होगी।

**कर्क :** विद्यार्थियों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। मेहनत का पूरा फल मिलेगा और पढ़ाई में मन खूब लगेगा। पुराने कर्ज उतारने की दिशा में भी अच्छी प्रगति होगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए नई उम्मीदें लेकर आएगा। काम के क्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और लोग आपकी तारीफ करेंगे। नौकरी से जुड़ा कोई अचानक सफर करना पड़ सकता है।

**कन्या :** आज आपके अंदर गजब की ऊर्जा देखने को मिलेगी। नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन शानदार है। रुके हुए काम भी तेजी से पूरे होंगे।

**तुला :** आज पैसों के मामले में दिन अच्छा रहेगा। इनकम बढ़ने से मन खुश रहेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा या घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है।

**वृश्चिक :** आज प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई बड़ा फैसला आपके पक्ष में जा सकता है। आत्मविश्वास के साथ काम करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।

**धनु :** आज सिंगल लोगों के लिए दिल खुश करने वाला दिन साबित हो सकता है। किसी खास इंसान से मुलाकात होने के योग हैं। खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी होगा।

**मकर :** आज हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरूरत है। विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से राहत मिलेगी। किसी पुराने फैसले को लेकर मन में बेचैनी बनी रह सकती है।

**कुम्भ :** आज आपका मन पूजा-पाठ और धार्मिक कार्यों में खूब लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिल सकता है।

**मीन :** आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और लोग आपकी तारीफ करते नजर आएंगे। जीवनसाथी की ओर से कोई प्यारा सरप्राइज मिल सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3461



*बायें से दायें:-* 1) चिरनिद्रा, 5) दावत, 7) दुष्ट, 8) बहुत गरम, 9) जिस्म, 10) झूठा, 12) उत्साह; बौखलाहट, 15) अभागा, 18) नाखूनों से फाड़ना, 20) एक गुठलीदार फल, 21) दिशा में, 22) असंभव, 24) वाद्य, 26) संपूर्ण, 28) पति की बहन, 29) योग्यता.

*ऊपर से नीचे:-* 1) देखरेख, 2) निकट भूतकाल, 3) नागरिक, 4) जामिनी; प्रतिभूति, 5) सूर्योदय, 6) एकत्र होना; सघन होना, 9) एक ऋतु, 11) एक इतिहासकालीन बादशाह, 13) आकर्षक; सुंदर, 14) केश, 16) घृणा, 17) कुख्यात, 19) नासमझ, 20) गूंगा, 23) कहाँ, 25) प्राण-शक्ति, 27) लाश; मिट्टी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | फ़ | सो | स | ■ | त | मा | श | बी | न |
| बि | ■ | ■ | फ | ल | क | ■ | क | ■ | र |
| क | ल | क | ल | ■ | रा | हु | ल | ■ | सं |
| ■ | ■ | प | ता | व | र | ■ | ■ | ■ | हा |
| आ | ह | ट | ■ | रां | ■ | बु | ध | वा | र |
| धा | र | ■ | ■ | ग | र | ल | ■ | न | ■ |
| ■ | क | त | रा | ना | ■ | बु | हा | र | नी |
| अं | त | ■ | ष्ट्री | ■ | सा | ल | ■ | ■ | र |
| डा | ■ | त | य | शु | दा | ■ | प्र | या | स |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3419

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | | 4 |
| | | 6 | 8 | 2 | | | | |
| | 4 | 1 | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | | | 6 | |
| | | | 7 | | | | 9 | 2 |
| | 7 | | 5 | | | | | |
| | | 3 | 1 | 4 | | | | 7 |
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | | | | | 5 | | 4 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3418 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 4 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 | 9 |

# जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को गति देने के लिए विभिन्न विभागों की वित्तीय शक्तियों में बढ़ोतरी

## त्वरित स्वीकृति और क्रियान्वयन के उद्देश्य से राज्य सरकार का बड़ा फैसला, कई विभाग अब स्वयं दे सकेंगे करोड़ों रुपये तक की मंजूरी

**कोलकाता :** राज्य में विकास परियोजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों, पंचायत संस्थाओं तथा विकास परिषदों की वित्तीय शक्तियों में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।




सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा नई सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं को शीघ्र मंजूरी देने और समयबद्ध तरीके से लागू करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

नई व्यवस्था के तहत लोक निर्माण, सिंचाई, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, नगर विकास सहित सात प्रमुख विभाग अब तीन करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर सकेंगे। इससे परियोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया में लगने वाला समय काफी कम होने की उम्मीद है।

वहीं उत्तर बंगाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा सुंदरबन विषयक विभागों को एक करोड़ रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी देने का अधिकार दिया गया है।

इसके अतिरिक्त अन्य सभी विभागों को पचहत्तर लाख रुपये तक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की शक्ति दी गई है।

अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी परियोजना को स्वीकृति देते समय संबंधित विभाग के वित्तीय सलाहकार की सहमति तथा उपलब्ध बजटीय प्रावधान का ध्यान रखना अनिवार्य होगा।

राज्य सरकार का मानना है कि इस निर्णय से विकास कार्यों में तेजी आएगी, प्रशासनिक प्रक्रियाएं सरल होंगी तथा विभिन्न सामाजिक और आधारभूत संरचना संबंधी परियोजनाओं का लाभ आम लोगों तक शीघ्रता से पहुंच सकेगा।

मंत्रिमंडल विस्तार : पांच दिन बाद भी मंत्रियों को नहीं मिले विभाग

# मुख्यमंत्री शुभेंदु ने दिल्ली में नितिन नवीन के साथ की लंबी बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नई सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के तहत हाल में शपथ लेने वाले नए मंत्रियों के विभागों के बंटवारे को लेकर सस्पेंस लगातार बना हुआ है। एक जून को ही 35 नए मंत्रियों ने शपथ ली थी, शुक्रवार को इसके पांच दिन बीत जाने के बावजूद अब तक विभागों का आवंटन नहीं किया गया है, जिसको लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हैं। पहले बुधवार को ही राज्य मंत्रिमंडल (कैबिनेट) की बैठक में मंत्रियों के विभागों के बंटवारे पर फैसला और इसकी घोषणा की उम्मीद थी,



लेकिन इसे दो दिन के लिए टाल दिया गया था। शुक्रवार का दिन भी गुजर गया, लेकिन मंत्रियों को अब तक विभाग आवंटित नहीं किए गए हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के शुक्रवार दिन में अचानक दिल्ली दौरे ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य भी पहले से राष्ट्रीय राजधानी में मौजूद हैं। सूत्रों के अनुसार, शुभेंदु ने दिल्ली पहुंचकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की और दोनों के बीच दो घंटे तक बैठक की खबर है। जिससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि मंत्रिमंडल विस्तार और विभाग बंटवारे को लेकर शीर्ष स्तर पर विचार-विमर्श व मंथन चल रहा है। बैठक के बाद शुभेंदु शाम में ही वापस कोलकाता लौट आए। राज्य सरकार की ओर से अब शनिवार या रविवार को मंत्रियों के विभागों के बंटवारे की घोषणा की उम्मीद की जा रही है।

## टीएमसी विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को उच्च न्यायालय में देगी चुनौती : कल्याण बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुखकर विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले को चुनौती देगी जिसमें बागी नेता रिताब्रता बनर्जी को सदन में विपक्ष के नेता के रूप मान्यता दी गई है। पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी ने यह जानकारी दी। यह निर्णय शुक्रवार की शाम को तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी द्वारा बुलाई गई एक बैठक में लिया गया। कल्याण बनर्जी ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि हमने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ अदालत जाने का फैसला किया है। हमारा मानना है कि यह फैसला स्थापित मानदंडों और संसदीय प्रक्रियाओं के खिलाफ है। नियमों का उल्लंघन हुआ है।



विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर, श्यामपुकुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और पार्कों में मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती ने 'माँ के नाम एक पेड़' कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण गतिविधियों में हिस्सा लिया।

## सांस्कृतिकविद् संदीप भूतोड़िया केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के क्षेत्रीय सलाहकार पैनल में नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** साहित्य, कला और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रख्यात सांस्कृतिकविद्, लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता संदीप भूतोड़िया को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के क्षेत्रीय सलाहकार पैनल का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को सांस्कृतिक और बौद्धिक जगत में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। नियुक्ति के उपरांत प्रभा खेतान फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी संदीप भूतोड़िया ने लोक भवन में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की विश्वविख्यात कृति 'गीतांजलि' की एक प्रति भेंट की। मुलाकात के दौरान साहित्य, कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रभा खेतान फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों पर विस्तार से चर्चा हुई।

गौरतलब है कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के नौ क्षेत्रीय सलाहकार पैनल समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों से मिलकर गठित किए जाते हैं। ये पैनल सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 के अंतर्गत फिल्मों के प्रमाणन संबंधी मामलों की समीक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की शिशु एवं नारी कल्याण मंत्री श्रीमती अग्निमित्रा पाल भी पूर्व में इस बोर्ड की सदस्य रह चुकी हैं।

संदीप भूतोड़िया वर्तमान में विक्टोरिया मेमोरियल हॉल, कोलकाता के ट्रस्ट बोर्ड में ट्रस्टी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें इस पद पर भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा नामित किया गया था। वे भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की सलाहकार समिति के सदस्य भी हैं तथा संस्कृति मंत्रालय की विशेषज्ञ समितियों में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। प्रभा खेतान फाउंडेशन के माध्यम से वे लंबे समय से भारतीय साहित्य, कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपा नेताओं ने किया वृक्षारोपण



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। जोड़ासांको के विधायक विजय ओझा, पार्षद मीना देवी पुरोहित, राज्य भाजपा के मिडिया सह प्रभारी चंद्रशेखर बासोतिया के साथ उत्तर कोलकाता भाजपा के अध्यक्ष तमघ्नो घोष ने मुखराम कानोड़िया पार्क सहित कई अन्य जगहों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया। मिडिया सह प्रभारी चंद्रशेखर बासोतिया ने आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निर्देश पर राज्य के अन्य जिलों की तरह उत्तर कोलकाता में भी यह वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया और 150 से अधिक नव वृक्ष रोपण किए गए।

## ईस्टर्न रेलवे महिला कल्याण संगठन ने विश्व पर्यावरण दिवस पर

❑ चलाया पौधरोपण अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे महिला कल्याण संगठन की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कोलकाता के बेहाला स्थित घोलेशापुर रेलवे कॉलोनी में पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर ईस्टर्न रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सीमा देउस्कर, सचिव गुंजन निगम, कोषाध्यक्ष रीता सिन्हा तथा संगठन की अन्य कार्यकारी सदस्याओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नीम, आम, जामुन, अमरूद, बेल और अनार सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सीमा देउस्कर ने पौधों की नियमित देखभाल और उनके विकास की वर्षभर निगरानी रखने पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे कॉलोनी के निवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम के समापन पर स्काउट्स एवं गाइड्स के बालक-बालिकाओं ने 'विश्व पर्यावरण दिवस' विषय पर एक लघु नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई।

## 'गेंद' समझकर बम से खेलने लगे बच्चे, विस्फोट में एक बच्चा समेत चार घायल

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के चाकुलिया इलाके में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। साहापुर दो नंबर ग्राम पंचायत के पागलपुर इलाके में एक परित्यक्त टिन के घर में रखे बम को बच्चों ने खेल का गेंद समझ लिया। इसी दौरान अचानक जोरदार विस्फोट हो गया, जिससे चार लोग घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुबह कुछ बच्चे उस खाली पड़े घर में खेल रहे थे। वहां उन्हें गोल आकार की कुछ वस्तुएं मिली, जिन्हें उन्होंने गेंद समझकर आपस में फेंकना शुरू कर दिया। तभी, अचानक एक बम फट गया और जोरदार धमाके से पूरा इलाका दहल उठा। इस हादसे में दिलवार (8) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। उसे पहले चाकुलिया स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा, तीन अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। सभी का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही चाकुलिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेर लिया। जिस परित्यक्त घर में बम रखा था, उसे फिलहाल सील कर दिया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक वहां किसने और किस मकसद से छिपाकर रखा था। स्थानीय लोगों ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## ई-वे बिल नियमों में बदलाव से व्यापारियों की बढ़ेंगी मुश्किलें : कोट्टी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक जून 2026 से जीएसटी के तहत ई-वे बिल संबंधी प्रावधानों में किए गए बदलाव का चैम्बर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) ने कड़ा विरोध किया है। इस विषय पर विस्तृत चर्चा के लिए चैंबर की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नए नियमों के व्यापार जगत पर पड़ने वाले प्रभावों पर विचार-विमर्श किया गया।

चैंबर के अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा कि वर्ष 2017 से राज्य के भीतर माल परिवहन के लिए एक लाख रुपये या उससे अधिक के इनवॉइस पर ई-वे बिल अनिवार्य था। अब इस सीमा को घटाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण कपड़ों सहित अधिकांश वस्तुओं के दाम पहले ही बढ़ चुके हैं। ऐसे में सीमा कम किए जाने से छोटे और मझोले व्यापारियों पर अतिरिक्त अनुपालन और प्रशासनिक बोझ बढ़ेगा।

उन्होंने पश्चिम बंगाल सीजीएसटी विभाग से इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए पुरानी सीमा को बरकरार रखने की मांग की। उनका कहना था कि इस बदलाव से सरकार के राजस्व पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन व्यापारियों की कठिनाइयां अवश्य बढ़ेंगी। इस संबंध में जीएसटी आयुक्त को एक परिपत्र भी भेजा गया है।

बैठक में उपाध्यक्ष संजय तोदी, मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा, संयुक्त सचिव बिजय सिंह जैन बावलिया, पूर्व अध्यक्ष मुरारी लाल खेतान, विजय कुमार विनायकिया, अरुण भुवालका, विजय शंकर अग्रवाल, सरोज सिंघल, राजेश नाहटा, सुशील नेथवेवाल, बालकृष्ण धेलिया, संतोष खेड़िया, देवकीनंदन तोदी, राधे बुधिया, राकेश सराफ, गोपाल दास मालू, प्रभु लोहिया, संतोष अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में व्यापारियों के हित में इस प्रावधान का विरोध जारी रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर जीएसटी आयुक्त से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया।

## ममता के 'बांग्लादेशी हत्याकांड' वाले बयान पर पुलिस में एक और शिकायत दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के बयान को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। अब अखिल भारत हिंदू महासभा ने कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार की साइबर क्राइम शाखा में उनके विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले इसी मामले में अधिवक्ता रिंकू चट्टोपाध्याय सिंह भी सिलीगुड़ी साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज करा चुके हैं। हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रचूड़ गोस्वामी ने साइबर क्राइम शाखा के प्रभारी अधिकारी को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि धर्मतल्ला के वाई चैनल पर गत मंगलवार को दिए गए ममता बनर्जी के बयान से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचा है। इस तरह के बयान से बंगाल समेत पूरे देश में सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



**हावड़ा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के थीम प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए के आधार पर मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल (देवरालिया), विद्यालय के शिक्षा हितैषी नवीन टिकमानी, उप-प्राचार्या काकोली नाग, प्रबंधक एवं प्रशासनिक अधिकारी, प्रधानाचार्या सेकेंडरी विभाग, प्रधानाचार्य प्राथमिक विभाग, पाठ्यक्रम सह प्रभारी, वित्त अधिकारीगण, शिक्षक प्रतिनिधि प्राथमिक, सभी विभागाध्यक्षों द्वारा वृक्षारोपण कर आज के दिन को सार्थक बनाया गया। विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण जी ने पौधारोपण के अवसर पर कहा कि पृथ्वी को हरा भरा बनाए रखने पर इसका लाभ भी हमें ही मिलता है, जितना अधिक वृक्षारोपण होगा उतना अधिक हम शुद्ध वातावरण में जीवन जी सकेंगे। अतः हम सभी को आज के विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति सजग रह के अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन जीवनपर्यंत करना चाहिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस: 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशंस का राज्यव्यापी वृक्षारोपण

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशंस द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत राज्यव्यापी वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और हरित भविष्य के निर्माण में समाज की सहभागिता सुनिश्चित करना था। स्वर्णमनी परिसर के समीप आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री एवं विधायक तापस राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाना होगा।



कार्यक्रम में कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशंस के अध्यक्ष सुशील पोद्दार, उपाध्यक्ष प्रदीप लुहारीवाला तथा संयोजक विनोद संचेती विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में स्वर्णमनी दल के सुरेश गुप्ता, गौरव हड्डा, संजय संथालिया, नितेश सिरसेवाला, अमित अग्रवाल, चित्रा सिरसेवाला एवं सरावगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संगठन के आह्वान पर कोलकाता के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में भी सदस्यों द्वारा बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। व्यापारिक समुदाय की इस सामाजिक पहल की व्यापक सराहना की जा रही है।

## कोलकाता मेट्रो रेलवे के नए महाप्रबंधक बने प्रेम सागर गुप्ता

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेल मंत्रालय ने वरिष्ठ रेलवे अधिकारी प्रेम सागर गुप्ता को कोलकाता मेट्रो रेलवे का नया महाप्रबंधक नियुक्त किया है। भारतीय रेलवे सेवा अभियंता (आईआरएसई) के 1990 बैच के अधिकारी गुप्ता इससे पहले उत्तरी रेलवे में प्रधान मुख्य अभियंता (पीसीई) के पद पर कार्यरत थे। सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियां रखने वाले गुप्ता ने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से स्वर्ण पदक के साथ स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने आईआईटी दिल्ली से एम.टेक में शीर्ष स्थान हासिल किया तथा नेशनल डिफेंस कॉलेज (एनडीसी) से एम.फिल. की उपाधि प्राप्त की।



रेलवे प्रशासन में अपने लंबे अनुभव के दौरान उन्होंने रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय में प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं मुख्य अभियंता (प्लानिंग) तथा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (कॉर्पोरेट कोऑर्डिनेशन) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। प्रेम सागर गुप्ता ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के अंतर्गत चिनाब रेल पुल सहित कई महत्वपूर्ण संरचनाओं की डिजाइन और संरचनात्मक स्थिरता संबंधी चुनौतियों के समाधान में मुख्य अभियंता (डिजाइन) के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी नियुक्ति को कोलकाता मेट्रो रेलवे के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## भांगड़ विस्फोट मामले में एनआईए ने पूर्व तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला को गिरफ्तार किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भांगड़ विस्फोट मामले के मुख्य संदिग्ध एवं तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक शौकत मोल्ला को दक्षिण 24 परगना जिले से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने मोल्ला को 'फरार' घोषित किए जाने के कुछ घंटों बाद यह कार्रवाई की। बता दें कि दक्षिण 24 परगना जिले के दक्षिण बामुनिया गांव में 19 मार्च को हुए एक बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उस स्थान पर कथित तौर पर बम बनाए जा रहे थे। एनआईए के अधिकारी ने बताया कि भांगड़ बम विस्फोट मामले की जांच के तहत हमने शौकत मोल्ला को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा और आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## डीएस ग्रुप के कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेस ने नए कैच हल्दी कैंपेन और पोर्टफोलियो विस्तार के साथ राज्य में अपनी मौजूदगी मजबूत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रोडक्ट में इनोवेशन, पोर्टफोलियो के विस्तार और स्थानीय संस्कृति के हिसाब से ग्राहकों से जुड़ने की खास ग्रोथ स्ट्रैटेजी के जरिए, 'कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेस' जो एक प्रमुख एफएमसीजी और मल्टी-बिजनेस कंपनी



'धरमपाल सत्यपाल ग्रुप' (डीएस ग्रुप) का लोकप्रिय ब्रांड है पश्चिम बंगाल में अपनी मौजूदगी मजबूत कर रहा है। बदलते ग्राहकों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, कैच ने अपनी मशहूर स्प्रिंकलर रेंज का विस्तार करने की घोषणा की है। इसमें नए ज़माने के सीज़निंग और क्षेत्रीय स्वाद से प्रेरित फ्लेवर शामिल हैं। इस डेवलपमेंट पर बात करते हुए, डीएस ग्रुप के 'कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेस' के बिज़नेस हेड, संदीप घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल 'कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेस' के लिए एक अहम मार्केट बना हुआ है। खाने-पीने की शानदार परंपरा और खाने से गहरे भावनात्मक जुड़ाव के कारण, इसने हमें अपनी व्यापक ब्रांड फिलॉसफी को बनाए रखते हुए स्थानीय संस्कृति से जुड़ी कहानी कहने का बेहतरीन मौका दिया। 'कैच हल्दी' के लिए इस कैंपेन और अपने पोर्टफोलियो को लगातार बढ़ाने के ज़रिए, हमारा मकसद राज्य भर में ग्राहकों के साथ जुड़ाव को और गहरा करना है, साथ ही लोगों की बदलती पसंद का भी ध्यान रखना है।

## नामखाना में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर नामखाना ब्लॉक के नारायणीतला धनेश्वर शिक्षा सदन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिमंत्री दीपंकर जना, जिलाधिकारी अभिषेक कुमार तिवारी, सुंदरबन पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त जिलाधिकारी (विकास) भास्कर पाल, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर, काकद्वीप के महकमा शासक, सागर के विधायक सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया गया तथा लोगों से अधिक से



अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया गया।

## श्री जैन विद्यालय फॉर गर्ल्स में विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय फॉर गर्ल्स में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने वृक्षारोपण, वाद-विवाद प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरित जीवनशैली का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या मौसमी घोषाल ने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे अनमोल धरोहर है। स्वच्छ हवा, निर्मल जल और हरे-भरे वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। उन्होंने छात्राओं से अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने तथा



पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की शिक्षिका मौमिता मुखर्जी चटर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय प्रशासन ने छात्राओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति निरंतर जागरूकता फैलाने का संकल्प व्यक्त किया।

### टीएमसी में बड़ी फूट : ममता की बैठक में सिर्फ छह सांसद और आठ विधायक पहुंचे

# ममता ने पार्टी में व्यापक संगठनात्मक फेरबदल किया

## वफादारों एवं अनुभवी नेताओं पर जताया भरोसा

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के 28 वर्ष के इतिहास में पहली बार फूट पड़ने के बाद पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने अस्तित्व के संकट से जूझ रही अपनी पार्टी पर पकड़ मजबूत करने के संकेत देते हुए व्यापक संगठनात्मक फेरबदल किया जिसमें उन्होंने अपने वफादारों और अनुभवी नेताओं पर भरोसा जताया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर शुक्रवार को बुलाई गई महत्वपूर्ण बैठक में महज 8 विधायक ही पहुंचे। जबकि लोकसभा और राज्यसभा के ज्यादातर सांसद भी बैठक से गायब रहे। बैठक में पार्टी के 28 लोकसभा सांसदों में से सिर्फ 6 ही शामिल हुए, जबकि राज्यसभा के 13 सांसदों में से 11 गायब रहे। ममता बनर्जी के भतीजे और राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी बैठक में मौजूद थे। राज्यसभा से केवल डेरेक ओ'ब्रायन और डोला सेन ही पहुंचे। विधायकों में मदन मित्रा, बीना मंडल, अशिमा पात्रा, फिरहाद हकीम, कुणाल घोष, सोवनदेब चट्टोपाध्याय, बिमान बनर्जी और अशोक देब मौजूद रहे। ममता के कालीघाट स्थित आवास पर पार्टी



की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद एक नयी संगठनात्मक कमेटी की घोषणा की गई। अभिषेक बनर्जी को हालांकि राष्ट्रीय महासचिव के पद पर बरकरार रखा गया लेकिन पार्टी ने उनकी सहायता के लिए राज्यसभा सदस्यों डेरेक ओ'ब्रायन और डोला सेन को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव नियुक्त किया। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में, वरिष्ठ मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया और उन्होंने सुब्रत बक्शी का स्थान लिया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बख्शी ने उम्र और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण संगठनात्मक जिम्मेदारियों से मुक्त होने के लिए बार-बार अनुरोध किया था। ममता बनर्जी के प्रति व्यक्तिगत रूप से वफादार माने जाने वाले और पुराने नेताओं में से कई को महत्वपूर्ण पद सौंपे गए हैं, जबकि अभिषेक बनर्जी के करीबी माने जाने वाले कई युवा नेता इस सूची से गायब पाए गए। सजदा अहमद, ममता ठाकुर, नयना बंद्योपाध्याय और स्वाति खांडेकर को प्रदेश तृणमूल कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि बाबर अली, पुलक रॉय, आशिमा पात्रा, अरूप बिस्वास और राजीव बनर्जी को राज्य महासचिव बनाया गया। ज्योतिप्रिय मल्लिक, राणा चटर्जी, त्रिनानकुर भट्टाचार्य, जया दत्ता, तापस चटर्जी, वसुंधरा गोस्वामी और गौतम देब को कार्यकारी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। सायोनी घोष को तृणमूल युवा कांग्रेस का अध्यक्ष और मधुरिमा ठाकुर को महासचिव के रूप में पुनः नियुक्त किया गया। माला रॉय को महिला तृणमूल कांग्रेस का अध्यक्ष नामित किया गया और प्रियंका अधिकारी को तृणमूल छात्र परिषद का प्रभार दिया गया। मदन मित्रा को हॉकर्स संगठन का प्रभार, बेचाराम मन्ना को किसान इकाई का, पूर्णेंदु बोस को कृषि श्रमिक इकाई का और बिरबाहा हांसदा को अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का प्रभार सौंपा गया। चंद्रिमा भट्टाचार्य, कल्याण बनर्जी, मदन मित्रा और कुणाल घोष पार्टी के प्रवक्ता होंगे, जबकि सुभाषिश चक्रवर्ती को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## बेलूर में प्रतिबंधित दवा नेटवर्क पर शिकंजा, छापेमारी में भारी मात्रा में दवाएं जब्त

**हावड़ा :** बेलूर थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित दवा कारोबार के खिलाफ चल रही जांच के दौरान एक महत्वपूर्ण कार्रवाई में भारी मात्रा में संदिग्ध दवाएं बरामद की गई हैं। ड्रग कंट्रोल विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई पिछले तीन दिनों से जारी थी। जांच के दौरान अधिकारियों को कुछ संदिग्ध दस्तावेज, रिकॉर्ड और नष्ट की गई दवाओं से जुड़े प्रमाण मिले, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने तृणमूल युवा कांग्रेस से जुड़े नेता और बाली विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार कैलाश मिश्रा के कार्यालय में छापेमारी की। तलाशी के दौरान कार्यालय परिसर के भीतर एक कथित गोदाम का पता चला, जहां बड़ी मात्रा में दवाएं रखी गई थीं। सूत्रों के अनुसार, यहां से करोड़ों रुपये मूल्य के दवा कारोबार के संचालन की आशंका जताई जा रही है।

जांच एजेंसियां यह भी पता लगा रही हैं कि इस कथित कारोबार में किन-किन लोगों की भूमिका थी। सूत्रों के मुताबिक कैलाश मिश्रा के छोटे भाई विशाल मिश्रा का नाम भी जांच के दायरे में है। ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों ने मामले पर सार्वजनिक टिप्पणी करने से इनकार किया है। वहीं, पुलिस बरामद दवाओं की प्रकृति, उनके स्रोत और पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी हुई है।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर हावड़ा विधानसभा में ग्रीन एनवायरनमेंट एवं अन्य विभिन्न संगठनों के तत्वावधान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होकर मंत्री उमेश राय ने किया वृक्षारोपण

## घर दखल के आरोपी तृणमूल नेता जयप्रकाश पर जनता ने फेंके अंडे

**❑ 12 साल से फ्ट पर कब्जे का आरोप, गिरफ्तारी के बाद तलाश के दौरान भड़का जनआक्रोश**

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस नेता जयप्रकाश मजमदार की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रहीं। फ्लैट पर जबरन कब्जा करने और मकान मालकिन को धमकी देने के आरोप में बिधननगर उत्तर थाने की पुलिस ने दो दिन पहले उन्हें गिरफ्तार किया था। शक्रवार को जब पुलिस उन्हें लेकर उसी कब्जे वाले फ्लैट की तलाशी के लिए पहुंची, तो वहां मौजूद जनता का गस्सा फूट पड़ा। लोगों ने जयप्रकाश पर एक के बाद एक अंडे फेंके। जांचकर्ता किसी तरह उन्हें बचाते हुए फ्लैट के अंदर ले जाने में सफल रहे।

**❑ क्या है पूरा मामला?**

आरोप है कि जयप्रकाश मजुमदार ने 12 साल से सॉल्टलेक इलके के एक फ्लैट पर जबरन कब्जा कर रखा था। जब भी मकान मालकिन किराया मांगने जाती थीं, उन्हें धमकियां दी जाती थीं। बुधवर दोपहर को इलाके के निवासियों ने जयप्रकाश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मकन मालकिन की शिकायत के आधार पर पुलिस ने उन्हें पहले हिरासत में लिया और बाद में औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया।

**❑ तलाशी के दौरान जनता का उबाल**

शुक्रवार को पुलिस जब जयप्रकाश को लेकर सॉल्टलेक के उस फ्लैट में तलाशी के लिए पहुंची, तो पुलिस वैन से उतरते ही भीड़ ने उन्हें घेर लिया। गुस्साए लोगों ने उन पर लगातार अंडे फेंके। पलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी और किसी तरह जयप्रकाश को बचाते हुए फ्लैट के अंदर ले जाया गया।

## टीएमसी विधायक संदीपन साहा के घर पहुंचे रिताब्रत बनर्जी, भाजपा के प्रदर्शन पर उठाए गंभीर सवाल

### कहा... 'विरोध के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं'

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंटाली निर्वाचन क्षेत्र से टीएमसी विधायक संदीपन साहा के आवास के सामने पिछले दिनों हुए भारी विरोध प्रदर्शन के बाद अब तृणमूल कांग्रेस ने आक्रामक रुख अपना लिया है। बुधवार को टीएमसी संसदीय दल द्वारा आपत्ति जताए जाने और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजी) से मिलने के फैसले के बाद, शुक्रवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता रिताब्रत बनर्जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल संदीपन साहा के घर पहुंचा। टीएमसी नेताओं ने विधायक और उनके परिवार से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया और पार्टी की ओर से उन्हें हर संभव राजनीतिक व व्यक्तिगत सहयोग का



आश्वासन दिया। इस बीच, गुरुवार को संदीपन साहा के घर के बाहर हुए इस हंगामे को लेकर न्यू मार्केट थाने में एक लिखित शिकायत भी दर्ज कराई जा चुकी है। विधायक संदीपन साहा के आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए रिताब्रत बनर्जी ने बीजेपी का नाम लिए बिना उन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार हर किसी को है। लेकिन इस अधिकार की आड़ में यदि किसी व्यक्ति या उसके परिवार के निजी दायरे में दखल दिया जाए या अशांति पैदा करने की कोशिश की जाए, तो इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। रिताब्रत ने आगे कहा कि राजनीतिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन किसी के घर के सामने जाकर ऐसा हिंसक माहौल बनाना बंगाल की लोकतांत्रिक संस्कृति के खिलाफ है। गुरुवार की घटना ने विरोध की सभी सीमाओं को पार कर दिया है, जो बेहद चिंताजनक है। संदीपन साहा के पिता और पूर्व विधायक स्वर्णकमल साहा ने भी इसे राजनीतिक रूप से प्रेरित और अशांति फैलाने की सोची-समझी साजिश करार दिया।

## अभिनेता व पूर्व तृणमूल विधायक सोहम चक्रवर्ती पर एफआईआर दर्ज

**❑ फिल्म के नाम पर 1.05 करोड़ का गबन का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** चंडीपुर के पूर्व विधायक और मशहूर अभिनेता सोहम चक्रवर्ती पर अपनी कंपनी में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने और पैसे वापस मांगने पर अपनी राजनीतिक पहचान का धौंस दिखाकर धमकाने का गंभीर आरोप लगा है। शिकायतकर्ता की अर्जी पर कोलकाता की चारु मार्केट थाना पुलिस ने सोहम चक्रवर्ती के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई गैर-जमानती धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा विवाद साल 2022 से शुरू हुआ था। शिकायतकर्ता कौशिक कर्मकार ने अड़ियादह की एक संस्था के प्रतिनिधि के रूप में सोहम चक्रवर्ती की कंपनी 'सोहम एंटरटेनमेंट' के बिजनेस में 1 करोड़ 5 लाख रुपये का निवेश किया था। समझौते के मुताबिक, इस भारी-भरकम रकम के बदले सोहम चक्रवर्ती को एक आगामी फिल्म ' (क्या आपने लाल सूटकेस देखा है?) में मुख्य अभिनेता के तौर पर काम करना था। आरोप है कि न तो वह फिल्म बनी और न ही सोहम ने उसमें अभिनय किया। जब अनुबंध के अनुसार काम नहीं हुआ, तो कौशिक कर्मकार ने अपने पैसे वापस मांगे। आरोप है कि पैसे लौटाने के बजाय सोहम चक्रवर्ती ने अपने विधायक होने के रसूख का इस्तेमाल करते हुए शिकायतकर्ता को गंभीर अंजाम भुगतने की धमकियां दीं। चारु मार्केट थाने में यह एफआईआर 19 मई को ही दर्ज कर ली गई थी, जिसकी जांच अब तेज हो गई है। सोहम की जिस कंपनी के खिलाफ यह शिकायत दर्ज है, वह चारु मार्केट थाना क्षेत्र के पते पर ही रजिस्टर्ड है।

प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस का दावा है कि निवेश के समय जो समझौता (डीड) तैयार किया गया था, उसमें सोहम चक्रवर्ती की कंपनी की ओर से कई फर्जी और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जल्द ही सोहम की कंपनी से तमाम दस्तावेज तलब किए जाएंगे और जरूरत पड़ने पर पूछताछ के लिए खुद अभिनेता सोहम चक्रवर्ती को भी समन जारी किया जाएगा।

## हावड़ा सिटी पुलिस ने मंगलहाट के हॉकरों को दी सशर्त अनुमति

**❑ सप्ताह में दो दिन फुटपाथ पर कर सकेंगे कारोबार**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के प्रसिद्ध मंगलहाट के हॉकरों को प्रशासन की ओर से बड़ी राहत मिली है। हावड़ा सिटी पुलिस ने सोमवार और मंगलवार को हावड़ा मैदान क्षेत्र के फुटपाथों पर कारोबार करने की अनुमति दे दी है। हालांकि, यह अनुमति कई शर्तों के साथ दी गई है और नई व्यवस्था अगले सप्ताह से लागू होगी। जानकारी के अनुसार, हाल ही में हावड़ा की जिलाधिकारी पी. दीपप्रिया और हॉकर प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। नई व्यवस्था के तहत हॉकरों को रात 12 बजे के बाद फुटपाथ पर बैठने की अनुमति होगी और वे सुबह 7 बजे तक कारोबार कर सकेंगे। प्रशासन ने निर्देश दिया है कि सुबह 8 बजे तक फुटपाथ पूरी तरह खाली कर दिया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि किसी भी परिस्थिति में सड़क पर बैठकर सामान बेचने की अनुमति नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि करीब दो सप्ताह पहले जिला प्रशासन ने मंगलहाट क्षेत्र में सड़क और फुटपाथ पर हॉकरों के बैठने पर प्रतिबंध लगा दिया था। प्रशासन ने चेतावनी दी थी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद पुलिस ने कई हॉकरों का सामान जब्त किया था और कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। इस कार्रवाई के विरोध में हॉकरों ने प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त तथा अन्य प्रशासनिक कार्यालयों में ज्ञापन सौंपे। हॉकरों का कहना था कि कारोबार बंद होने से हजारों परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी। इसके बाद हुई बैठक में समाधान निकाला गया और सशर्त अनुमति प्रदान की गई। व्यवसायी संगठन के प्रतिनिधि मलय दत्त ने प्रशासन के निर्णय का स्वागत किया है।

### बसीरहाट नगरपालिका में प्रशासक नियुक्ति को चुनौती,

## निर्वाचित बोर्ड बहाल करने की मांग लेकर उच्च न्यायालय पहुंचे पार्षद

**❑ जनप्रतिनिधियों को दरकिनार करने से नागरिक सेवाएं प्रभावित होने का आरोप, अवकाश के बाद होगी सुनवाई**

**कोलकाता :** बसीरहाट नगरपालिका में प्रशासक नियुक्त किए जाने के राज्य सरकार के निर्णय को चुनौती देते हुए कोलकाता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। याचिका में प्रशासक व्यवस्था समाप्त कर पुनः निर्वाचित नगरपालिका बोर्ड गठित करने की मांग की गई है।

यह याचिका बसीरहाट नगरपालिका के वार्ड संख्या 18 के पार्षद विश्वजीत राय ने दायर की है। मामले की सुनवाई ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी की अदालत में होने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि लगभग छह महीने पहले भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों के बाद राज्य सरकार ने बसीरहाट नगरपालिका के तत्कालीन अध्यक्ष को पद से हटाकर नगरपालिका बोर्ड भंग कर दिया था। इसके बाद नगर प्रशासन और नागरिक सेवाओं की जिम्मेदारी बसीरहाट के उपमंडलाधिकारी को सौंपी गई थी।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता उमर फारूक गाजी ने बताया कि मामले में प्रशासक व्यवस्था को चुनौती दी गई है। उनका कहना है कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संवैधानिक संस्था को ही सीधे जनता की सेवा करने का अवसर मिलना चाहिए।

अधिवक्ता ने तर्क दिया कि किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था में संतुलन और जवाबदेही आवश्यक होती है। उनके अनुसार, क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के पास स्थानीय लोगों की समस्याओं, जरूरतों और सरकारी योजनाओं के वास्तविक लाभार्थियों की जानकारी होती है, क्योंकि वे सीधे जनता के संपर्क में रहते हैं।

याचिका में दावा किया गया है कि निर्वाचित बोर्ड के अभाव में नागरिक सेवाओं के वितरण में बाधा उत्पन्न हो रही है और आम लोग विभिन्न सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। जनप्रतिनिधियों की भागीदारी न होने के कारण स्थानीय समस्याओं का उचित समाधान भी नहीं हो पा रहा है।

अब इस मामले पर उच्च न्यायालय के फैसले पर सभी की नजरें टिकी हैं, क्योंकि इसका असर बसीरहाट नगरपालिका के प्रशासनिक ढांचे और नागरिक सेवाओं की व्यवस्था पर पड़ सकता है।

## स्वरूप विश्वास की गिरफ्तारी के बाद सुरुचि संघ में तोड़फोड़

**❑ क्लब से मिला आलीशान कमरा**
**❑ स्थानीय लोगों ने लगाया अनियमितताओं का आरोप**
**❑ राहत सामग्री और सरकारी सामान के दुरुपयोग पर उठे सवाल**

**कोलकाता :** पूर्व विधायक अरूप विश्वास के भाई सह तृणमूल कांग्रेस के पार्षद स्वरूप विश्वास की गिरफ्तारी के बाद दक्षिण कोलकाता स्थित सुरुचि संघ क्लब में शुक्रवार को भारी हंगामे और तोड़फोड़ की घटना सामने आई। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग क्लब के बाहर एकत्र हुए और बाद में ताला तोड़कर परिसर के भीतर प्रवेश कर गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, क्लब की ऊपरी मंजिल पर स्थित एक कमरे में आलीशान आकार का पलंग, कुर्सियां तथा अन्य सुविधाएं देखकर लोग हैरान रह गए। स्थानीय लोगों का दावा है कि कमरे में पहले एसी भी लगा हुआ था, जिसे हाल ही में हटाया गया है। कमरे से सटा हुआ स्नानगृह भी अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पाया गया।

घटना के दौरान प्रदर्शनकारियों ने क्लब परिसर के अन्य कमरों की भी तलाशी ली। इस दौरान वहां बड़ी मात्रा में सरकारी पेयजल की बोतलें बरामद होने का दावा किया गया। इसके अलावा राहत वितरण के लिए रखी गई बड़ी संख्या में साड़ियां भी मिलीं।

स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि क्लब में सरकारी सामग्री का भंडारण किया जा रहा था और इसके उपयोग को लेकर कई सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए संभावित वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं की आशंका जताई है।

हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। स्वरूप विश्वास की गिरफ्तारी के बाद सामने आई इस घटना ने क्षेत्र की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है।




### तृणमूल नेता स्वरूप बिस्वास को 18 जून तक पुलिस हिरासत



**कोलकाता, समाज्ञा :** जबरन वसूली गिरोह से जुड़े मामले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता स्वरूप बिस्वास को शुक्रवार को यहां की एक अदालत ने 18 जून तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। बता दें कि स्वरूप को गत गुरुवार की रात टॉलीगंज फिल्म और टेलीविजन उद्योग में चल रहे एक कथित जबरन वसूली गिरोह के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इस दिन, कोलकाता पुलिस के मुख्य लोक अभियोजक सौरिन घोषाल ने अलीपुर स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत से स्वरूप को 14 दिन की पुलिस हिरासत में सौंपने का अनुरोध किया। घोषाल ने कहा कि आरोपी ने कथित तौर पर एक महिला को उद्योग में काम करने की अनुमति देने के बदले में यौन संबंध बनाने की मांग की और जान से मारने की धमकी देकर 50 अन्य व्यक्तियों से लगभग 22 लाख रुपये की उगाही की। घोषाल ने आरोप लगाया कि स्वरूप ने आग्नेयास्त्र से एक व्यक्ति को जान से मारने की कोशिश की। अलीपुर अदालत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने स्वरूप को 18 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजन पक्ष के वकील ने अपराध के नाट्य रूपांतरण, हथियारों की बरामदगी और कथित रूप से जबरन वसूली गई धनराशि का पता लगाने के लिए स्वरूप की हिरासत देने का अनुरोध किया। स्वरूप के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न, जबरन वसूली, हत्या के प्रयास, आपराधिक साजिश और शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## फरार तृणमूल पार्षद सशांत घोष का परिवार ओडिशा सीमा पर पकड़ाया, ड्राइवर भी गिरफ्तार

**❑ 2 एफआईआर के बाद से लापता हैं कोलकता के वार्ड 108 का पार्षद, फोन भी बंद**

**कोलकाता :** कोलकाता के 108 नंबर वर्ड के तृणमूल कांग्रेस पार्षद सुशांत घोष फरार है। उसका न तो इलाके में कोई अता-पता है और न ही फोन पर संपर्क है - मबाइल लगातार 'स्विच् ऑफ' बता रहा है। माना जा रहा है कि दो एफआईआर दर्ज होने के दबाव में वह भूमिगत हो गया हैं। राज्य में सत्ता परिवर्तन होते ही उसने 12 नंबर बोरो चयरमैन का पद भी छड़ दिया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है, लेकिन अब तक व हाथ नहीं आया। मगर बेलदा के पास ओडिशा सीमा पर नाकाबंदी के दौरान उसके परवार और कार चालक को पकड़ा गया है।

**❑ क्या है मामला?**

सशांत घोष पर हॉकरों से बड पैमाने पर वसूली करने का गभीर आरोप है। 1 जून को आनंदपुर थाने में हकरों ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही आनंदपुर थाने की पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। थाने ने उसके विरुद्ध लुकआउट नोटिस भी जारी कर दिया है। पलिस का कहना है कि जहां भी और जब भी मिलेगा, उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाएगा।

**❑ ओडिशा सीमा पर पकड़ाई गाड़ी**

शुक्रवार को नकाबंदी के दौरान ओडिशा सीमा की ओर जा रही सुशांत घोष की गाड़ी पुलिस के हत्थ चढ़ी। पुलिस सूत्रों के अनुसर उस गाड़ी में काउंसिलर का परिवार सवार था। इसके साथ ही उसके कार चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, जिस पर खुद भी वसूली का आरोप है।

अब पलिस की कोशिश है कि ड्राइवर से पूछताछ कर सुशांत घोष के छिपने के ठिकाने का पता लगाया जाए। देखना यह होगा कि पुलिस इस सुराग से फरार काउंसिलर तक पहुंच पाती है या नहीं।

## बनारस ब्रिज पर भारी वाहनों की एंट्री पर लगेगी रोक, एप्रोच रोड निर्माण कार्य शुरू

**हावड़ा :** उत्तर हावड़ा के सालकिया और लिलुआ के बामनगाछी क्षेत्र को जोड़ने वाले ऐतिहासिक बनारस ब्रिज पर परसों से भारी और मध्यम वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। रेलवे द्वारा नए पुल से जुड़ी एप्रोच रोड के निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए यह कदम उठाया गया है। हालांकि, टोटो, रिक्शा और अन्य हल्के वाहन फिलहाल पुल का उपयोग कर सकेंगे।

जानकारी के अनुसार, ब्रिटिश काल में निर्मित बनारस ब्रिज लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। इसी कारण रेलवे ने नए पुल के निर्माण की परियोजना शुरू की थी। नए पुल का अधिकांश ढांचागत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण की अनुमति नहीं मिलने के कारण एप्रोच रोड का निर्माण शुरू नहीं हो पाया था। बताया गया है कि रेलवे ने कई बार राज्य सरकार से अनुमति मांगी थी, लेकिन पूर्ववर्ती सरकार के दौरान मंजूरी नहीं मिलने से परियोजना प्रभावित हुई। नई सरकार के गठन के बाद रेलवे और प्रशासन के बीच हुई चर्चा में चरणबद्ध तरीके से यातायात नियंत्रित कर लंबित कार्य पूरे करने का निर्णय लिया गया। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक अगले दो महीनों तक एप्रोच रोड निर्माण का काम चलेगा। इसके बाद, कुछ समय के लिए पुल पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद कर शेष कनेक्टिविटी कार्य पूरा किया जाएगा। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद नया पुल आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

उत्तर हावड़ा के विधायक एवं राज्य मंत्री उमेश राय ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय रेलवे को अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने से बनारस ब्रिज तथा बंगाल बाबू-चांदमारी ब्रिज परियोजनाओं का काम लंबे समय तक अटका रहा। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से ट्रैफिक नियंत्रित कर सभी लंबित कार्य जल्द पूरे किए जाएंगे।

## रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शकूरबस्ती डिपो के कर्मचारियों और तकनीकी स्टाफ से किया सीधा संवाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को उत्तर रेलवे के तिलक ब्रिज से शकूरबस्ती रेल खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और परियोजनाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री शकूरबस्ती डिपो पहुंचे, जहां उन्होंने कर्मचारियों, मेंटेनेंस स्टाफ और अन्य रेलकर्मियों से सीधे संवाद किया। सौहार्दपूर्ण माहौल में उन्होंने कर्मचारियों के अनुभव सुने और उनके दैनिक कार्यों में



आने वाली व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी ली। मंत्री ने रेलकर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया।

कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए अश्विनी वैष्णव ने मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। रेल मंत्रालय के अनुसार, इस संवाद का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान की प्रक्रिया को तेज करना था।

**NAME CHANGE**

I, Ghanshyam Binani, S/O.- Sundar Lal Binani, R/o.-P-184, C.I.T. Road, VTC: Beleghata, H.O.- Kolkata, West Bengal-700010, my actual name been wrongly recorded in my Share Certificate as Ghanshyam Das Binani & Ghanshyam Binoni in place of Ghanshyam Binani (Aadhar, Ration Card & PAN Card), vide an Affidavit No.1493, dtd. 30.08.25, before the Ld. Judicial Magistrate, (1st Class) at Kolkata. That, Ghanshyam Binani & Ghanshyam Das Binani@ Ghanshyam Binoni all are same & one identical person.

Office of the
**PINGLA PANCHAYAT SAMITI**
Vill + P.O. - Pingla, Dist - Paschim Medinipur

Office of the Pingla Panchayat samiti invites Tender
**Notice inviting E- Tender No.**

| NIT No. | Last Date of Application |
|---|---|
| Pingla/ e- NIT/ state Fund /01/2026-27 | 22.06.2026 upto 16:00 Hrs. |

Details of the Tender notice is available in website wbtenders.gov.in

Sd/-
Executive Officer
Pingla Panchayat Samiti

# भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव की मजबूती दर्शाती है 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर: प्रधानमंत्री मोदी



**दमन :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर यह दर्शाती है कि भारत की अर्थव्यवस्था की नींव बेहद मजबूत है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने भरोसा जताया कि देश अपने 140 करोड़ नागरिकों के सामूहिक प्रयासों के दम पर मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी खुद को संभालने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। मोदी ने शुक्रवार को घोषित आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि 7.7 प्रतिशत रही, जबकि जनवरी-मार्च तिमाही में यह 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई। उन्होंने कहा, आज जो आंकड़े सामने आए हैं, वे साफ करते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था की नींव कितनी मजबूत है। प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रशासित प्रदेश दमन में 2,970 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और हवाई अड्डे के नए टर्मिनल के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मेरे सामने आए आंकड़े मेरे वास्तव में बेहद खुशी देने वाले हैं। मैं इस खुशी को आपके साथ भी साझा करना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में पिछले तीन महीनों से अधिक समय से जारी संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान का हवाला देते हुए कहा कि वैश्विक संकट के इस कठिन दौर में भी भारत अपने 140 करोड़ नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से खुद को बेहतर तरीके से संभाल रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में केवल 60 प्रतिशत बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो पाता था लेकिन आज यह आंकड़ा लगभग 90 प्रतिशत तक पहुंच गया है। उन्होंने संस्थागत प्रसव में सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि अब देश में 90 प्रतिशत से अधिक बच्चों का जन्म अस्पतालों में हो रहा है।

## प्रौद्योगिकी कंपनी एयरट्रंक भारत में तीन लाख करोड़ रुपये का करेगी निवेश

**नयी दिल्ली :** प्रौद्योगिकी कंपनी एयरट्रंक ने 2030 तक भारत में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। इस निवेश का मकसद भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचा क्षमता को समर्थन देते हुए देश को वैश्विक विकास रणनीति के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एयरट्रंक के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉबिन खुदा से मुलाकात के बाद शुक्रवार को घोषणा की कि एशिया-प्रशांत और पश्चिम एशिया की प्रौद्योगिकी कंपनी एयरट्रंक भारत में लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी और पांच गीगावाट क्षमता का डेटा सेंटर विकसित करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचा यात्रा उल्लेखनीय गति पकड़ रही है। एयरट्रंक ने भारत में लगभग तीन लाख करोड़ रुपये (30 अरब डॉलर) का निवेश करने और पांच गीगावाट क्षमता का डेटा सेंटर विकसित करने की योजना की घोषणा की है। यह देश के डिजिटल बुनियादी ढांचा परिवेश में प्रस्तावित सबसे बड़े निवेश में से एक है।''

## आरबीआई के रेपो दर स्थिर रखने के फैसले को बैंकिंग विशेषज्ञों ने बताया संतुलित कदम

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने और तटस्थ रुख बनाए रखने के निर्णय को बैंकिंग क्षेत्र के जानकारों ने संतुलित और विवेकपूर्ण कदम बताया है। बैंकरों का कहना है कि यह निर्णय पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊंची ऊर्जा कीमतों के बीच आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की सोच को दर्शाता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन एवं भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के अध्यक्ष सी एस शेट्टी ने कहा, विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए एफसीएनआर (बी) जमा, सरकारी प्रतिभूतियों, विदेशों से उधारी और इक्विटी निवेश से जुड़े जो उपाय घोषित किए गए हैं, वे समयोचित और व्यापक हैं। इन कदमों से पूंजी प्रवाह में वृद्धि होगी, बॉन्ड बाजारों का विस्तार होगा, नकदी में सुधार आएगा और रुपये को मजबूती मिलेगी। बैंकिंग विशेषज्ञों ने कहा कि इन कदमों से बाजार में नकदी में सुधार होगा और रुपये को मजबूती मिलेगी। इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, हालांकि अर्थव्यवस्था जुझारूपन दिखा रही है और वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। फिर भी पश्चिम एशिया में तनाव और ऊंची ऊर्जा कीमतों को देखते हुए सतर्क रुख अपनाना उचित है।

## आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद शेयर बाजार में गिरावट

### सेंसेक्स 117 अंक टूटा

**मुंबई :** मौद्रिक नीति घोषणाओं के बीच शेयर बाजारों में शुक्रवार को मुनाफावसूली होने से गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 117 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी 49.85 अंक नुकसान में रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाने और महंगाई का अनुमान बढ़ाने के बीच मुनाफावसूली होने से बाजार नुकसान में रहा। साथ ही विदेशी पूंजी की निकासी और एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 116.67 अंक यानी 0.16 प्रतिशत टूटकर 74,243.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,717.57 और नीचे में 73,988.75 अंक तक गया। इस तरह सेंसेक्स में कुल 728.82 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं, एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 49.85 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,366.70 पर बंद हुआ। आरबीआई ने शुक्रवार को उम्मीद के अनुरूप प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा।

# सरकार 'सुधार एक्सप्रेस' को बढ़ाने, आर्थिक गति बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध: सीतारमण



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि सरकार वैश्विक चुनौतियों के बीच सकारात्मक आर्थिक गति बनाये रखने के लिए निर्णायक नीतिगत उपायों के साथ 'सुधार एक्सप्रेस' को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार वैश्विक चुनौतियों के बीच सकारात्मक आर्थिक गति सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक नीतिगत उपायों के साथ 'सुधार एक्सप्रेस' को और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।'' इससे पहले, भारतीय रिजर्व बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि अनुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि ऊर्जा और अन्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के साथ-साथ पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण निरंतर आपूर्ति समस्याओं से आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। हालांकि, वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रहने का अनुमान (अस्थायी) है। सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में जीडीपी और सकल मूल्य वर्धन (जीवीएसी) वृद्धि क्रमशः 7.8 प्रतिशत और 7.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## आइस मेक ने दर्ज किया रिकॉर्ड प्रदर्शन, चौथी तिमाही में राजस्व 256 करोड़ के पार

**कोलकाता, समाज्ञा :** औद्योगिक एवं वाणिज्यिक रेफ्रिजरेशन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का समेकित राजस्व 39.3 प्रतिशत बढ़कर 668.20 करोड़ पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 479.52 करोड़ था। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी ने अब तक का सर्वाधिक तिमाही राजस्व 255.85 करोड़ दर्ज किया, जो एक वर्ष पहले की समान अवधि की तुलना में 41.8 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने इस वृद्धि का श्रेय कोल्ड चेन अवसंरचना के विस्तार, मजबूत ऑर्डर निष्पादन तथा नए उत्पादों की बढ़ती मांग को दिया है। निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2.25 प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। हालांकि, क्षमता विस्तार, वेयरहाउस नेटवर्क, ब्रांड निर्माण और अनुपालन संबंधी निवेश के कारण कंपनी का शुद्ध लाभ घटकर 12.13 करोड़ रहा। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक चंद्रकांत पी. पटेल ने कहा कि यह वर्ष भविष्य की विकास योजनाओं की मजबूत नींव रखने वाला साबित हुआ है।

## मौद्रिक समीक्षा के बाद रुपया 56 पैसे मजबूत होकर 95.18 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी पूंजी प्रवाह को समर्थन देने और विदेशी मुद्रा तरलता मजबूत करने के उपायों की घोषणा के बाद शुक्रवार को रुपया 56 पैसे मजबूत होकर डॉलर के मुकाबले 95.18 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति में की गई घोषणाओं से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए काफी है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण जुलाई मध्य तक हो सकता है लागू: गोयल



**विशाखापत्तनम :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े सभी अधूरे मुद्दों को सुलझाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और अगले महीने के मध्य तक इस समझौते का पहला चरण लागू हो जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिकी दल दो से चार जून तक नयी दिल्ली में था और उन्होंने भारतीय दल के साथ संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। गोयल ने कहा, ''मेरी भी उनसे मुलाकात हुई थी और हम सभी अधूरे मुद्दों को सुलझाने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। मुझे लगता है कि अगले महीने के मध्य तक हम समझौते के पहले चरण को बहुत अच्छे तरीके से लागू करने की स्थिति में होंगे।'' उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''यह हमारे द्विपक्षीय व्यापार समझौते का सिर्फ पहला चरण है, जिससे हमारे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत को तरजीही पहुंच मिलेगी।'' वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इस महीने के आखिर में एक उच्च-स्तरीय दल के भारत आने की उम्मीद है। संभावना है कि इस दल का नेतृत्व अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर कर सकते हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में इस सप्ताह हुई वार्ता के दौरान दोनों देशों के व्यापार दलों ने वस्तु व्यापार, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क और कारोबार सुगमता, आर्थिक सुरक्षा समन्वय तथा पारस्परिक हित के अन्य मुद्दों पर रचनात्मक एवं सकारात्मक चर्चा की। अमेरिकी पक्ष का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच ने किया जबकि भारतीय पक्ष की अगुवाई वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव वार्ताकार दर्पण जैन ने की।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682 अरब डॉलर पर: आरबीआई

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 मई को समाप्त सप्ताह में 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले यह भंडार 7.51 अरब डॉलर घटकर 681.38 अरब डॉलर रह गया था। इस वर्ष 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और डॉलर के मुकाबले रुपये के दबाव में आने से इस भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट दर्ज की गई। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 29 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 3.12 अरब डॉलर बढ़कर 546.15 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये विदेशी मुद्रा आस्तियां यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के मूल्य परिवर्तन के प्रभाव को भी शामिल करती हैं। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में देश का स्वर्ण भंडार 2.18 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 112.6 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 18.75 अरब डॉलर पर अपरिवर्तित रहे, जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आरक्षित स्थिति 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.82 अरब डॉलर हो गई।

## भारतीय अर्थव्यवस्था मार्च तिमाही में 7.8 प्रतिशत, 2025-26 में 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी

**नयी दिल्ली :** भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में मजबूत घरेलू मांग और सरकारी खर्च के कारण अनुमान से अधिक 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। हालांकि, इस अवधि के अंत में बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों और आपूर्ति शृंखला में बाधाओं ने आर्थिक परिदृश्य पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। पिछले वर्ष की समान तिमाही में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत रही थी जबकि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यह आठ प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 की समूची अवधि में देश की आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो गई, जो 2024-25 में 7.1 प्रतिशत रही थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 7.9 प्रतिशत बढ़ा, जो यह दर्शाता है कि वृद्धि केवल मांग पर आधारित नहीं थी, बल्कि उत्पादन में मजबूती भी रही। विनिर्माण, निर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन ने अर्थव्यवस्था को सहारा दिया। हालांकि, इस तिमाही के अंतिम महीने मार्च में ही पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष का असर नजर आया। लेकिन यह तनाव जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल और आपूर्ति में पैदा हुए गतिरोध का असर आने वाले समय में देखने को मिलेगा। इस परिदृश्य में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी चालू वित्त वर्ष (2026-27) के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने इस पर कहा कि यदि वैश्विक परिस्थितियां बेहतर होती हैं तो वित्त वर्ष 2027-28 में भारत की वृद्धि दर फिर से सात प्रतिशत से ऊपर जा सकती है। उन्होंने कहा कि नीतिगत उपायों और आपूर्ति सुनिश्चित करने से अर्थव्यवस्था दोबारा तेज वृद्धि के रास्ते पर लौट सकती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने कहा कि स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 323.12 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो 2024-25 के पहले संशोधित अनुमान 299.89 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। वहीं, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी का आकार 2025-26 में 346.36 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो 2024-25 के 318.07 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 8.9 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह 2022-23 को आधार वर्ष मानकर तैयार की गई नई शृंखला के तहत जारी जीडीपी आंकड़ों का दूसरा समूह है।




# साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर पर्याप्त मौके दिए जाएंगे: गंभीर

### गंभीर ने दिन के टेस्ट में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल के प्रस्ताव का किया समर्थन



**मुल्लांपुर :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि साई सुदर्शन को टेस्ट क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के पर्याप्त मौके दिए जाएंगे क्योंकि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के छह मैच में निराशाजनक प्रदर्शन से उनकी क्षमता का आकलन नहीं किया जा सकता है। सुदर्शन ने अब तक खेले गए छह टेस्ट मैचों में 27.45 के औसत से कुल 302 रन बनाए हैं, लेकिन मुख्य कोच ने कहा कि उन्हें देवदत्त पडिक्कल पर तरजीह दी जाएगी, जो इस स्थान के लिए एक अन्य दावेदार हैं। पडिक्कल ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024 में टेस्ट मैच के बाद से लंबी अवधि के प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। गंभीर ने कहा कि सुदर्शन को इंग्लैंड में तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में खेलना पड़ा और इसे देखते हुए उन्हें बाहर करना अनुचित होगा। गंभीर ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच से पहले पत्रकारों से कहा, ''सच कहूं तो साई को उचित मौका नहीं मिला है। उन्होंने बहुत कम टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत इंग्लैंड में की। हम सभी जानते हैं कि इंग्लैंड में खेलना आसान नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है (722 रन) और हम उन्हें उचित मौका देंगे। मुझे अब भी लगता है कि उन्हें पर्याप्त मौके नहीं मिले हैं।'' इसका मतलब है कि पडिक्कल को इंतजार करना होगा क्योंकि फिटनेस संबंधी कोई समस्या न होने पर सुदर्शन कम से कम अगले 10 टेस्ट मैच खेलेंगे। गंभीर से पूछा गया कि क्या पडिक्कल के टीम में जगह बनाने की कोई संभावना है, उन्होंने कहा, ''आप केवल 11 खिलाड़ियों का चयन कर सकते हैं। कभी-कभी आपको (देवदत्त) मौके के लिए इंतजार करना पड़ता है।''

## सूर्यकुमार की जगह श्रेयस अय्यर को मिल सकती है टी20 टीम की कमान

**मुंबई :** भारतीय चयन समिति शनिवार को यहां जब ब्रिटेन के दौरे और एशियाई खेलों के लिए टीम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेगी तो श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की जगह टी20 टीम की कप्तानी मिलना तय है। भारत के ब्रिटेन के दौरे में 26 और 28 जून को बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। इसके बाद भारत इंग्लैंड के खिलाफ एक जुलाई से शुरू होने वाले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलेगा। एशियाई खेल सितंबर-अक्टूबर में आइची-नागोया में होंगे और निर्धारित समय सीमा को देखते हुए टीम की घोषणा समय से पहले की जा रही है। ऐसी संभावना है कि मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा नए उप-कप्तान होंगे, जबकि 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया जाएगा। सूर्यकुमार को न केवल इस साल की शुरुआत में टी20 विश्व कप जीतने के बावजूद कप्तान पद से हटाया जा रहा है, बल्कि पिछले 18 महीनों में उनके खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम में जगह मिलने की उम्मीद नहीं है। 31 वर्षीय अय्यर टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्हें बल्लेबाजी क्रम में सूर्यकुमार की जगह चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है। अय्यर को आईपीएल में एक कप्तान और बल्लेबाज के रूप में शानदार प्रदर्शन करने का इनाम मिल रहा है। उनकी कप्तानी में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी (दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स) आईपीएल फाइनल पहुंची और उन्होंने एक बार ट्रॉफी जीती है। इसके अलावा कप्तान रहते हुए उनकी बल्लेबाजी फॉर्म में कोई गिरावट नहीं आई है।

## विश्व कप फुटबॉल के दौरान स्टेडियम में फिर से भरने वाली पानी की बोतलें नहीं ला सकेंगे दर्शक

**गेबलेस (अमेरिका) :** फीफा ने अपनी नीति में ऐन मौके पर बदलाव करते हुए उत्तर अमेरिका में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के मैचों में फिर से भरी जाने वाली पानी की बोतलें स्टेडियम में लाने पर रोक लगा दी है। स्टेडियम आचार संहिता की इंग्लैंड के प्रशंसकों के एक समूह ने कड़ी निंदा की है जिसका कहना है कि फीफा ने आश्वासन दिया था कि भीषण गर्मी के बीच होने वाले टूर्नामेंट में स्टेडियम में मुफ्त पानी की व्यवस्था रहेगी और दर्शक प्लास्टिक की खाली बोतलें ला सकेंगे। फ्री लायंस प्रशंसक समूह ने एक बयान में कहा ,'' हमें तो यही लग रहा है कि पैसा कमाने के लिये यह किया जा रहा है।'' विश्व कप स्टेडियमों में पानी, सोड़ा और जूस फीफा के पुराने प्रायोजक कोका कोला द्वारा बेचे जायेंगे। इस साल विश्व कप में व्हाइट हाउस कार्यबल के कार्यकारी निदेशक एंड्रयू जियुलियानी ने कहा ,'' दर्शक पानी की बोतल किसी पर फेंक सकते हैं और हथियार की तरह उनका इस्तेमाल कर सकते हैं। फीफा ने कल इस फैसले की घोषणा की है लिहाजा मैं इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता।'' फीफा के स्टेडियम नियमों में कहा गया है कि दर्शक पारदर्शी छोटी पानी की बोतल ला सकते हैं जिसमें फिर से पानी भरा जा सके। लेकिन अब नये नियम के तहत ऐसी बोतलें मैदान में नहीं लाई जा सकेंगी।

## फ्रेंच ओपन: ज्वेरेव फाइनल में, पहले ग्रैंड स्लैम खिताब से एक जीत दूर

**पेरिस :** जर्मनी के दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शुक्रवार को चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी याकुब मेंसिक को हराकर फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। वह इसके साथ ही अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम खिताब से अब केवल एक जीत दूर रह गए हैं। ज्वेरेव ने रोलां गैरो के सेमीफाइनल में 20 वर्षीय मेंसिक को 7-5, 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर अपने करियर के चौथे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई। रविवार को होने वाले फाइनल में ज्वेरेव का सामना इटली के 14वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली और विश्व रैंकिंग में 104वें स्थान पर मौजूद माटेओ अर्नाल्डी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही ज्वेरेव को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर दूसरे दौर में बाहर हो गये थे, जबकि दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज दाहिनी कलाई की चोट के कारण टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही हट गए थे। ऐसे में ज्वेरेव पर अपने लंबे समय से प्रतीक्षित ग्रैंड स्लैम खिताब को जीतने का दबाव बढ़ गया था और अब वह इस लक्ष्य के बेहद करीब पहुंच गए हैं। अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में खेल रहे विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज मेंसिक मुकाबले के दौरान डबल फॉल्ट की समस्या से जूझते रहे। ज्वेरेव ने उनके अनुभवहीनता का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण मौकों पर बेहतर खेल दिखाया और चार सेट में जीत दर्ज की।

## मेजबान भारत ने विश्व योगासन चैम्पियनशिप के पहले दिन पांच स्वर्ण जीते

**अहमदाबाद :** मेजबान भारत ने पहली विश्व योगासन चैम्पियनशिप के पहले दिन शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले छह में से पांच स्वर्ण पदक जीत लिये। पश्चिम बंगाल के अभय बर्मन (सीनियर पुरूष) और रितु मंडल (सीनियर महिला) ने पारंपरिक योगासन वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। बर्मन ने 63 . 42 अंक लेकर भारत को पहला पीला तमगा दिलाया। इंडोनेशिया की अरकान रियांतो (57 . 23) दूसरे और उजबेकिस्तान की एलेन (53 . 21) तीसरे स्थान पर रही। सीनियर महिला वर्ग में रितु ने 64 . 33 अंक के साथ एक और स्वर्ण जीता। कजाखस्तान की ऐजान के (58 . 97) को रजत और हांगकांग की लाम एंगा मेन (56 . 98) को कांस्य पदक मिला। जीत के बाद रितु ने कहा ,'' हर योगासन खिलाड़ी के लिये यह चैम्पियनशिप ऐतिहासिक पल है। भारत के लिये पदक जीतना सपना सच होने जैसा है। मैने 12 वर्ष की उम्र से योग अभ्यास शुरू किया और आठ साल की मेहनत के बाद यह पदक जीता है।'' सीनियर ए पुरूष वर्ग में सिंगापुर के नाथनियल तान लियोंग अन ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत को सभी छह स्वर्ण अपने नाम करने से रोक दिया। तंजानिया के करीमू स्वाफी को रजत और भारत के सुमीर नावाली को कांस्य पदक मिला। सीनियर ए महिला वर्ग में भारत की रितु ठाकुर ने 63 . 50 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

## पाकिस्तान को हराकर भारत अंडर 18 पुरूष एशिया कप हॉकी के फाइनल में

**काकामिगाहारा (जापान) :** आखिरी क्वार्टर में तीन गोल करने वाले आशीष तानी पूर्ति के चार गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5 . 3 से हराकर अंडर 18 पुरूष एशिया कप हॉकी के फाइनल में प्रवेश कर लिया। आखिरी क्वार्टर तक 2 . 3 से पीछे चल रही भारतीय टीम ने आखिरी मिनटों में जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए दनादन गोल दागे। मैच की शुरूआत धीमी रही और दोनों टीमें मिडफील्ड में गेंद पर नियंत्रण के लिये जूझती नजर आई। भारत ने 12वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया जब पाकिस्तान की रक्षापंक्ति ने चूक की। फॉरवर्ड आशीष तानी पूर्ति (12वां मिनट) ने गोल करके भारत को 1 . 0 से बढत दिलाई जो पहले क्वार्टर में कायम रही। पाकिस्तान को दूसरे क्वार्टर में 16वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीय गोलकीपर आयुष रजक और डिफेंडर अंश बहुत्रा ने मिलकर अहमद उजैर की ड्रैग फ्लिक को गोल में तब्दील नहीं होने दिया। पाकिस्तान ने 27वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जब अदील ने गेंद पर कब्जा करके फील्ड गोल किया। तीसरे क्वार्टर में भारत ने शाहरूख अली (35वां) के गोल के दम पर फिर बढत बना ली। लेकिन यह ज्यादा देर कायम नहीं रही और दो मिनट बाद पाकिस्तान के लिये मोहम्मद फरहान ने फील्ड गोल किया। पाकिस्तान ने 42वें मिनट में बढत बना ली जब उजैर अहमद कुरैशी ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत 2 . 3 से पीछे था। आखिरी क्वार्टर में पाकिस्तान के मुजम्मिल सईद को 46वें मिनट में ग्रीन कार्ड देखना पड़ा। भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और दूसरे पर आशीष ने गोल करके 49वें मिनट में स्कोर 3 . 3 से बराबर कर दिया। आशीष ने 53वें मिनट में एक बार फिर पेनल्टी कॉर्नर तब्दील करके हैट्रिक पूरी की और भारत को 4 . 3 से बढत दिलाई।

## न्यूजीलैंड की जोरदार वापसी, फिर भी इंग्लैंड मजबूत स्थिति में

**लंदन :** न्यूजीलैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को महज 11 गेंदों के भीतर एक रन के अंतराल में चार विकेट झटककर मुकाबले में शानदार वापसी की, लेकिन बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर 193 रन की बढ़त के कारण इंग्लैंड की स्थिति अब भी मजबूत बनी हुई है। पहली पारी में केवल 140 रन बनाने के बावजूद 27 रन की बढ़त हासिल करने वाले इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में चाय तक छह विकेट पर 166 रन बना लिए थे। कम स्कोर वाले इस मुकाबले में चुनौतीपूर्ण पिच पर बल्लेबाजी आसान नहीं रही, लेकिन एक समय इंग्लैंड मजबूत स्थिति में नजर आ रहा था। उस दौरान पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज एमिलियो गे 57 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे, जबकि उनका साथ इंग्लैंड के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज जो रूट (8) दे रहे थे। इसके बाद हालांकि मैच का रुख अचानक बदल गया। नाथन स्मिथ की शानदार गेंद पर गे विकेटकीपर को कैच दे बैठे। पदार्पण मैच में अर्धशतक जमाने वाले गे को पवेलियन लौटते समय दर्शकों ने जोरदार तालियों से सम्मानित किया। इसके छह गेंद बाद विल ओ'रूर्के ने हैरी ब्रूक को खाता खोले बिना ही पवेलियन भेज दिया। अगले ओवर में स्मिथ ने जो रूट को पगबाधा आउट किया और फिर तीन गेंद बाद कप्तान बेन स्टोक्स (शून्य) का ऑफ स्टंप बिखेर दिया।

वर्ष 11, पूर्णांक 3614 अंक 080 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉरपोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in

## इस साल अमेरिका से 1,000 से अधिक भारतीयों को निर्वासित किया गया

**नयी दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस साल अब तक अमेरिका से 1,076 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया जा चुका है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि दोनों पक्ष अवैध प्रवासन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 2025 में अमेरिका से कुल 3,567 भारतीयों को निर्वासित किया गया। ट्रंप प्रशासन अमेरिका में अवैध प्रवासियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर रहा है। जायसवाल ने कहा कि निर्वासन, प्रवासन और आवागमन के मुद्दों पर दोनों पक्ष लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, ''दोनों पक्षों के बीच प्रवासन और आवागमन को लेकर चर्चा जारी है। मुख्य उद्देश्य अवैध प्रवासन पर अंकुश लगाना और उसे नियंत्रित करना है, साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि इससे कानूनी प्रवासन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।'

## सीबीएसई के पोर्टल पर साइबर हमला: दिल्ली ने पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की

**नयी दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के परिणाम घोषित होने के बाद की सेवाओं से संबंधित (पोस्ट रिजल्ट सर्विसेज) पोर्टल को निशाना बनाकर किए गए 'समन्वित' साइबर हमलों को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस पोर्टल को कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन जैसी सेवाओं के लिए दो जून को शुरू किया गया था। पुलिस के अनुसार, सीबीएसई द्वारा 'इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस' (आईएफएसओ) इकाई में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 और 43(एफ) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## दिल्ली के होटल में लगी आग में मरने वालों में 13 विदेशी नागरिक: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में लगी आग में मरने वालों में 13 विदेशी नागरिक शामिल हैं और मंत्रालय उनके देशों के दूतावासों के संपर्क में है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह कागजी कार्रवाई और चिकित्सा सहायता प्रदान कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताया कि इन 13 लोगों में से चार नाइजीरिया से, तीन किर्गिस्तान से और एक-एक मोजाम्बिक, उज्बेकिस्तान, बांग्लादेश, कांगो, लाइबेरिया और इराक से थे। उनसे घटना में मारे गए विदेशियों की आधिकारिक संख्या के बारे में पूछा गया था। बुधवार को दिल्ली के हौज रानी इलाके में एक होटल में लगी भीषण आग में 21 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। जायसवाल ने कहा, उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दिल्ली में लगी आग की घटना में मरने वालों में 13 विदेशी नागरिक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है जिन्होंने अपने सदस्यों को खो दिया है।

## सीबीएसई ने 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन आवेदन की अंतिम तिथि सात जून तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाकर सात जून कर दी है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब कई छात्रों ने दो जून को शुरू किए गए सीबीएसई के एक पोर्टल पर उत्तर पुस्तिकाओं को देखने तथा सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने में आ रही समस्याओं को उठाया था। बोर्ड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, छात्रों के हित में, सीबीएसई ने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिससे छात्रों को प्रक्रिया पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय और सहायता मिल सकेगी। इसमें कहा गया है कि छह जून (मध्यरात्रि) की समय सीमा को अब बढ़ाकर सात जून (मध्यरात्रि) कर दिया गया है।

# जनता के आक्रोश ने कांग्रेस को कर्नाटक का मुख्यमंत्री बदलने के लिए मजबूर किया: प्रधानमंत्री मोदी




**सूरत (गुजरात):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि ''जनता के भारी आक्रोश'' ने कांग्रेस को कर्नाटक में अपना मुख्यमंत्री बदलने के लिए मजबूर किया। उन्होंने विपक्षी दल पर पिछले 12 वर्षों के दौरान अव्यवस्था व अनिश्चितता फैलाने और इनमें राजनीतिक और चुनावी अवसर तलाशने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान दशक विश्व के लिए संकट का दौर साबित हो रहा है और उन्होंने कोविड-19 महामारी, युद्धों और अब पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर पैदा हुए ऊर्जा संकट का उल्लेख किया। हालांकि, प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने अपने 140 करोड़ नागरिकों के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से इन सभी चुनौतियों का दृढ़ता से सामना किया है। वह गुजरात में 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने के बाद, सूरत में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि मौजूदा वैश्विक संकट इस बात को रेखांकित करता है कि ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भरता कितनी महत्वपूर्ण है, और उन्होंने पिछले 12 वर्षों में भारत द्वारा इस मामले में हासिल की गई क्षमता के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बार-बार जनादेश दिया है क्योंकि उन्हें भाजपा सरकार की विकास पहल और देश के लिए उसके विकासोन्मुखी एजेंडे पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में हाल में हुए चुनावों में तथा देश भर में पंचायत और नगर निकाय चुनावों में भाजपा नीत राजग को मिले भारी जनादेश में यह प्रदर्शित हुआ है। मोदी ने कहा, ''हर चुनाव एक ही संदेश देता है: देश अराजकता, अनिश्चितता या निराशा को पसंद नहीं करता। पिछले 12 वर्षों में कांग्रेस अपने द्वारा फैलाई गई अव्यवस्था और अनिश्चितता के बीच अवसर तलाश रही है, लेकिन देश की जनता ने उसे बार-बार मुंहतोड़ जवाब दिया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात की जनता ने कांग्रेस को हाशिये पर धकेल दिया है, और जिन राज्यों में कांग्रेस सत्ता में है, वहां की जनता उसके कुशासन से तंग आ चुकी है। उन्होंने हाल में हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के परिणामों का हवाला देते हुए यह बात कही। मोदी ने कहा कि इन राज्यों की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अव्यवस्था के बीच अवसर तलाशने की कांग्रेस की राजनीति नहीं चलेगी। उन्होंने 3 जून को कर्नाटक में सिद्धरमैया के स्थान पर डीके शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने का जिक्र करते हुए कहा, ''जहां भी कांग्रेस पार्टी सत्ता में है, लोग नाखुश हैं। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के प्रति जनता में भारी आक्रोश है, यही कारण है कि पार्टी को वहां अपने मुख्यमंत्री को बदलना पड़ा।'' उन्होंने कहा, ''भारत नकारात्मकता से बहुत आगे निकल चुका है। यह असीम आशावाद और असाधारण आकांक्षाओं वाला देश है।' मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य किया है, और मौजूदा वैश्विक संकट ने इसके महत्व को और बढ़ा दिया है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''एक ओर हमने दुनिया के विभिन्न हिस्सों से तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की, वहीं दूसरी ओर हमने नवीकरणीय ऊर्जा में ऐतिहासिक रूप से निवेश बढ़ाया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता पर जोर दिये जाने के बावजूद, देश में ''कुछ निराशावादी'' लोग हैं जो लगातार 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का मजाक उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आज देश में कुछ निराशावादी लोग हैं जो 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का मजाक उड़ा रहे हैं। वे लगातार इस राष्ट्रीय संकल्प को नीचा दिखा रहे हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने हमेशा भारत को अन्य देशों पर निर्भर रखा है।' उन्होंने जोर देते हुए कहा, ''वे लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि दूसरों पर निर्भर देश कभी भी विकास की उन ऊंचाइयों को नहीं छू सकता जिनका वह वास्तव में हकदार है।'

## प्रधानमंत्री मोदी ने दमन में रोड शो किया



**दमन:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दमन में एक रोड शो किया और इसके बाद 2,970 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री शाम करीब सात बजे दमन पहुंचे और नाइट मार्केट से स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तक रोड शो किया, जिसमें भारी भीड़ उमड़ी। इसके बाद, उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री का अभिवादन करने के लिए हजारों लोग सड़क के दोनों ओर कतार में खड़े नजर आए। उनके हाथ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झंडे और राष्ट्रीय ध्वज थे। समर्थकों ने 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए। कई लोगों के हाथ में 'मोदी है तो मुमकिन है' और 'हम आपसे प्यार करते हैं मोदीजी' जैसे संदेशों वाले पोस्टर थे। रोड शो के पूरे मार्ग को सजावटी रोशनी से जगमग किया गया था। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी व्यवस्था की गई थी। रोड शो के बाद, मोदी ने दमन और दीव के लिए 2,970 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मोदी द्वारा स्वास्थ्य सेवा, नागरिक उड्डयन, पर्यटन, बुनियादी ढांचा, संपर्क और जन कल्याण क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की गईं, जिनमें नमो हवाई अड्डे का एक नया टर्मिनल भवन, नमो अस्पताल, एक अहम पुल, दमन कन्वेंशन सेंटर और दमन में निफ्ट (राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान) परिसर शामिल हैं।

# शकूरबस्ती डिपो में रेल मंत्री ने परखी भविष्य की रेल तकनीक, हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना की समीक्षा

### शत-प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर तेजी से अग्रसर है भारतीय रेल




**कोलकाता, समाज्ञा :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को उत्तर रेलवे के तिलक ब्रिज से शकूरबस्ती रेल सेक्शन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं और प्रगति कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री शकूरबस्ती स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने अत्याधुनिक 'रिट्रेक्टेबल ओएचई' प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। यह तकनीक शेड के भीतर इंजनों और ट्रेनों के सुरक्षित व त्वरित रखरखाव में बेहद कारगर है। इसके साथ ही उन्होंने बोगी-पिट और बोगी लिफ्टिंग फैसिलिटीज का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को ग्राउंड जीरो पर कार्य कुशलता बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरे का मुख्य आकर्षण हाइड्रोजन ट्रेन का निरीक्षण रहा। रेल मंत्री ने भविष्य की इस पर्यावरण-अनुकूल ग्रीन टेक्नोलॉजी की प्रगति की समीक्षा की, जो भारतीय रेल को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

**विश्व पर्यावरण दिवस और 'ग्रीन रेलवे' का संकल्प:**

'विश्व पर्यावरण दिवस' के विशेष अवसर पर शुक्रवार को रेलमंत्री ने डिपो परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया और पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारतीय रेल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। उत्तर रेलवे और संपूर्ण भारतीय रेल वर्तमान में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर तेजी से अग्रसर है, जो देश को 'नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जक' बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस निरीक्षण के दौरान उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, दिल्ली मंडल के रेल प्रबंधक और रेलवे बोर्ड व उत्तर रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## थाईलैंड में फंसे ओडिशा के पांच श्रमिकों को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू

**भुवनेश्वर:** ओडिशा सरकार ने थाईलैंड में फंसे होने का दावा करने वाले राज्य के पांच प्रवासी श्रमिकों को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्रपाड़ा जिले के विभिन्न इलाकों के रहने वाले ये अकुशल श्रमिक पर्यटक वीजा पर दक्षिण-पूर्व एशियाई देश थाईलैंड गए थे लेकिन वहां एक प्लाईवुड निर्माण कंपनी में काम कर रहे थे। श्रमिकों ने सोशल मीडिया मंच पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में यह दावा किया। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि उन्हें उनकी इच्छा के विरुद्ध वहां रोका जा रहा है, वेतन नहीं दिया जा रहा है तथा नियोक्ता द्वारा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है।


विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन परिसर में पौधारोपण किया।

## भारत ने गिलगित-बाल्तिस्तान विधानसभा चुनाव को लेकर पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया



**नयी दिल्ली:** भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने तथाकथित गिलगित-बाल्तिस्तान विधानसभा के लिए चुनाव कराने संबंधी पाकिस्तान की योजना पर इस्लामाबाद के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि यह इलाका भारतीय क्षेत्र है, जिस पर (पाकिस्तान द्वारा ) ''अवैध रूप से और जबरन'' कब्जा किया गया है। भारत ने कहा कि पड़ोसी देश द्वारा किये गए ऐसे प्रयास पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, राजनीतिक दमन, आर्थिक शोषण और स्वतंत्रता से वंचित करने जैसे अंतर्निहित मुद्दों को ''ढक'' नहीं सकते। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''पाकिस्तान द्वारा सात जून को भारतीय क्षेत्रों, जिन पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से और जबरन कब्जा कर रखा है, में तथाकथित 'गिलगित-बाल्तिस्तान विधानसभा' के ''आम चुनाव'' कराने की योजना के संबंध में भारत सरकार ने पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।'' मंत्रालय ने कहा कि भारत ने अपने उस जगजाहिर रुख को दोहराया है कि तथाकथित 'गिलगित-बाल्तिस्तान' समेत समूचा जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश 1947 में जम्मू कश्मीर के भारत में ''पूर्ण, कानूनी और अपरिवर्तनीय विलय'' के परिणामस्वरूप भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''भारत सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान द्वारा किये जा रहे ऐसे प्रयास उसके अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन, राजनीतिक दमन, आर्थिक शोषण और स्वतंत्रता से वंचित करने जैसे अंतर्निहित मुद्दों को छिपा नहीं सकते।''

## सीमा पार हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार लोगों में अफगान नागरिक शामिल

चंडीगढ़: अमृतसर आयुक्तालय ने सीमा पार हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क से संदिग्ध संबंधों और अवैध हवाला हस्तांतरण के आरोप में एक अफगान नागरिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है और दो नाबालिगों को पकड़ा है। पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि उनके पास से एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन, पांच अत्याधुनिक पिस्तौल और संदिग्ध तौर पर मादक पदार्थों से अर्जित पांच लाख रुपए बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए लोगों में बाज मोहम्मद (62) भी शामिल है। वह हरियाणा के सोनीपत में रहने वाला एक अफगान नागरिक है और हाल में दिल्ली के लाजपत नगर में रहने लगा। डीजीपी ने बताया कि अन्य आरोपियों की पहचान नवांशहर के रहने वाले अंकुश बर्थवाल (33), जालंधर के रहने वाले देश राज उर्फ विक्की (32), अमृतसर के रहने वाले राजनदीप सिंह उर्फ राजा (26) और दो नाबालिगों के रूप में हुई है।

# दिल्ली में लागू होगा आपदा प्रबंधन कानून, जिलाधिकारी को अनधिकृत निर्माण पर मिलेगा कार्रवाई का अधिकार



नयी दिल्ली: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार भ्रष्टाचार के दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों से नुकसान की भरपाई कराएगी और आपदा प्रबंधन अधिनियम (डीएमए) 2005 लागू करेगी। मुख्यमंत्री की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब तीन दिन दिन पहले दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में लगी भीषण आग में 21 लोगों की मौत हो गई थी, जिसे निर्माण नियमों की अनदेखी करके बनाया गया था। गुप्ता द्वारा कई विभागों के साथ की गई बैठक में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 को लागू करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, लापरवाह या भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों को अब आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के विभिन्न प्रावधानों के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, जिसमें भारी जुर्माने के साथ दो साल तक की कैद की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जिनकी लापरवाही या मिलीभगत से अवैध निर्माण, अग्निसुरक्षा नियमों का उल्लंघन या अन्य खतरनाक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने इससे पहले कहा था कि दिल्ली सरकार आदेशों के उल्लंघन और मिलीभगत के लिए दो साल की जेल की सजा लागू करने के वास्ते डीएमए अधिनियम का इस्तेमाल करेगी। उन्होंने कहा, इस अधिनियम के तहत अधिकारियों के वेतन, पेंशन और यहां तक कि उनकी संपत्तियों से नुकसान की वसूली करने के प्रावधान हैं।

## भारत ने गिलगित-बाल्तिस्तान विधानसभा चुनाव को लेकर पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया

**नयी दिल्ली:** भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने तथाकथित गिलगित-बाल्तिस्तान विधानसभा के लिए चुनाव कराने संबंधी पाकिस्तान की योजना पर इस्लामाबाद के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि यह इलाका भारतीय क्षेत्र है, जिस पर (पाकिस्तान द्वारा ) 'अवैध रूप से और जबरन' कब्जा किया गया है। भारत ने कहा कि पड़ोसी देश द्वारा किये गए ऐसे प्रयास पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, राजनीतिक दमन, आर्थिक शोषण और स्वतंत्रता से वंचित करने जैसे अंतर्निहित मुद्दों को 'ढक' नहीं सकते। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'पाकिस्तान द्वारा सात जून को भारतीय क्षेत्रों, जिन पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से और जबरन कब्जा कर रखा है, में तथाकथित 'गिलगित-बाल्तिस्तान विधानसभा' के 'आम चुनाव'' कराने की योजना के संबंध में भारत सरकार ने पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।' मंत्रालय ने कहा कि भारत ने अपने उस जगजाहिर रुख को दोहराया है कि तथाकथित 'गिलगित-बाल्तिस्तान' समेत समूचा जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश 1947 में जम्मू कश्मीर के भारत में 'पूर्ण, कानूनी और अपरिवर्तनीय विलय'' के परिणामस्वरूप भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है।

# बैंक ऋण धोखाधड़ी : रिलायंस एडीएजी के पूर्व कार्यकारी झुनझुनवाला को न्यायिक हिरासत में भेजा

**मुंबई:** मुंबई की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस कम्युनिकेशंस के पूर्व समूह प्रबंध निदेशक अमिताभ झुनझुनवाला को कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर झुनझुनवाला को सीबीआई की विशेष अदालत के न्यायाधीश जे पी दरेकर के समक्ष पेश किया गया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा और हिरासत की मांग न किए जाने के कारण झुनझुनवाला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। झुनझुनवाला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे एक संबंधित धन शोधन मामले में भी आरोपी हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के समूह प्रबंध निदेशक के रूप में झुनझुनवाला कंपनी के कामकाज के प्रमुख पहलुओं को नियंत्रित करते थे, जिनमें कॉर्पोरेट वित्त, बैंकिंग और धन का उपयोग शामिल है।

# असम मंत्रिपरिषद का विस्तार: भाजपा के 11 और अगप के एक विधायक ने मंत्री पद की शपथ ली



गुवाहाटी: असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रनोज पेगू, अशोक सिंघल, बिस्वजीत दैमारी और असम गण परिषद (अगप) के केशव महंत सहित 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इस विस्तार के साथ ही राज्य मंत्रिपरिषद में सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 17 हो गई। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने यहां 'ज्योति-बिष्णु अंतरराष्ट्रीय कला मंदिर' में आयोजित एक समारोह में विधायकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पबित्रा मार्गेरिटा, असम विधानसभा अध्यक्ष रंजीत कुमार दास, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया और राजग के कई विधायक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में नए मंत्रियों के बारे में कहा, ''यह एक संतुलित टीम है, जो लोगों के सभी वर्गों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है और उनका अनुभव एवं ज्ञान विकसित असम के निर्माण के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा।' शर्मा ने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''टीम असम आज और भी मजबूत हो गई है तथा नए जोश के साथ लोगों की सेवा करने के लिए तैयार है।' शपथ लेने वाले मंत्रियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका अनुभव और बुद्धिमत्ता मंत्रिपरिषद में अमूल्य योगदान देगी तथा तीव्र गति से विकास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी। मंत्रिपरिषद में शामिल नए चेहरों में भाजपा के अश्विनी राय सरकार, नीलिमा देवी और सुशांत बोरगोहेन हैं।

## असम विधानसभा का बजट सत्र छह जुलाई से शुरू होगा: हिमंत

**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य विधानसभा का बजट सत्र छह जुलाई से शुरू होगा। दिन में मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्र के दौरान पूर्ण बजट पारित होने के बाद एक अगस्त से सभी विकास योजनाओं का लाभ वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावों के कारण केवल लेखानुदान ही पारित किया जा सका था, पूर्ण बजट नहीं, और इसी वजह से योजनाओं का लाभ वितरित नहीं किया जा सका था। उन्होंने कहा, बजट सत्र 21 दिनों का होगा और यह छह जुलाई से शुरू होगा, क्योंकि सदन आहूत करने के लिए एक महीने का समय आवश्यक होता है।

# जलवायु परिवर्तन और प्लास्टिक प्रदूषण पर जागरूकता का संदेश, दक्षिण पूर्व रेलवे ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच में पौधारोपण करते दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन।

**कोलकाता :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने शुक्रवार को अपने मुख्यालय गार्डनरीच में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने नॉर्थ कॉलोनी, गार्डनरीच में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने भी पौधे लगाए और मिशन लाइफ की शपथ ली।विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 15 मई से 5 जून तक प्लास्टिक-मुक्त अभियान चलाया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्लास्टिक एवं ई-कचरे का प्रभाव आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने वृक्षारोपण, प्लास्टिक के उपयोग से बचने और पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। समारोह के अंत में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

# NATIONAL SEMINAR ON PEACE, HARMONY & DEVELOPMENT & LAUNCH OF

# AHIMSA VISHWA BHARTI

## WEST BENGAL CHAPTER



DIVINE PRESENCE OF

**HIS HOLINESS ACHARYA LOKESH**

World Peace Ambassador
Founder, Ahimsa Vishwa Bharti



CHIEF GUEST

**SHRI DILIP GHOSH**

Hon'ble Cabinet Minister,
Government of West Bengal



DIVINE PRESENCE OF

**HIS HOLINESS SWAMI GOVINDADEV GIRI**

Treasurer,
Ram Janmbhoomi Trust



GUEST OF HONOUR

**SHRI NISIT PRAMANIK**

Hon'ble Cabinet Minister
Government of West Bengal



GUEST OF HONOUR

**SHRI VINOD DUGAR**

Hon'ble Chairman,
Ahimsa Vishwa Bharti - Apex

DATE
SATURDAY
6TH JUNE 2026

TIME
9:30 AM
SHARP

ICCR
9A, HO CHI MINH SARANI
KOLKATA

ORGANISED BY

**WORLD PEACE CENTRE, AHIMSA VISHWA BHARTI**

KRS | SAMVIK POWER | Dunkel braun | RT ELECTRIC | Fly up | encore THE EVENTSMITHS Encore Events Pvt. Ltd. www.encoreevents.co.in | No10 SPORTS